ताजा खबरों के लिए पढ़ें-
https://ureshiyanews.page/
www.ureshiya.com

मेरठ से प्रकाशित व गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, अमरोहा, गजरौला में एक साथ प्रसारित

हमें सम्पर्क करें-
editorureshiya@gmail.com

वर्षः 3 अंक : 166
मेरठ, बुद्धवार , 17 अप्रैल, 2024
(पृष्ठः 6)
मूल्यः 2 रूपया

# दैनिक युरेशिया

सम्पादक : संजय त्यागी 'महादेव'
प्रधान सम्पादक : गौहर अनवार



समितियों से यूरिया, डीएपी गायब बाजार में चक्कर लगा . 6

राष्ट्रहित सर्वोपरि

चुनावी दौर में मस्क की यात्रा के यक्ष प्रश्न... 4

## घुसपैठ खत्म करेंगे, भ्रष्टाचार के खिलाफअभियान जारी रहेगा: मोदी



पूर्णिया/ गया, (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दोबारा सत्ता में आने पर उनकी सरकार घुसपैठ के खिलाफ कार्रवाई करेगी जो वोट बैंक की राजनीति की वजह से फली-फूली है। प्रधानमंत्री ने बिहार के सीमांचल के पूर्णिया जिले में एक रैली में यह बात कही। उन्होंने कहा, 'देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले सभी तत्व सरकार की नजर में हैं। चार जून का परिणाम सीमांचल की सुरक्षा को तय करेगा।' पूर्णिया जिले की सीमा नेपाल और बांग्लादेश से लगती है।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'जो लोग राजनीतिक फायदे के चलते सीएए का विरोध कर रहे हैं, वे यह जान लें, यह मोदी है, जो न डरने वाला है, न ही झुकने वाला है।' पूर्णिया से पहले प्रधानमंत्री ने गया में एक चुनावी सभा को संबोधित किया था। प्रधानमंत्री ने दोनों ही स्थानों पर अपने भाषण में राजद पर तीखा हमला किया और उसपर बिहार में सत्ता में रहने के दौरान 'जंगलराज' और भ्रष्टाचार में लिप्त रहने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी घोषणा की कि अगले पांच वर्षों में भ्रष्टाचार पर राजग सरकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

बालुरघाट : मोदी ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वह घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है, लेकिन शरणार्थियों को नागरिकता देने वाले कानून 'सीएए' का विरोध कर रही है। बालुरघाट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल को गुंडों और घुसपैठियों को 'पट्टे' पर दे दिया है। प्रधानमंत्री ने राज्य में रामनवमी समारोह का कथित तौर पर विरोध करने के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल की आलोचना की और कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले को 'सच्चाई की जीत' करार दिया, जिसमें विश्व हिंदू परिषद (विहिप) को हावड़ा में शोभायात्रा निकालने की अनुमति दी गई थी।

**दिल जीतने में विश्वास करती है भाजपा**

जम्मू : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रतिद्वंद्वी दलों के इस आरोप को मंगलवार को खारिज किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को कश्मीर के लोगों के कल्याण से अधिक रुचि वहां की जमीन में है। शाह ने कहा कि भाजपा लोगों का दिल जीतने में विश्वास करती है और इससे अंततरू 'कमल' पूरी घाटी में खिलेगा। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान निरस्त करने के बाद आतंकवाद, पथराव और पाकिस्तान प्रायोजित हमलों को खत्म करके शांति बहाल की और विकास सुनिश्चित किया। शाह यहां जुगल किशोर के समर्थन में आयोजित एक रैली को संबोधित कर रहे थे जो जम्मू संसदीय क्षेत्र से तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं।

**मोदी पर राहुल का केवल अमीरों की मदद का आरोप**

कोझिकोड़ध्वायनाड : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए उनपर देश के चुनिंदा अमीर उद्योगपतियों की मदद करने का आरोप लगाया। गांधी ने चुनावी बॉन्ड मुद्दे पर भी मोदी पर हमला बोलते हुए इसे जबरन वसूली का एक रूप बताया। उन्होंने दावा किया कि इस योजना के तहत धन वसूली के लिए सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल किया गया। गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा, 'मलयालम में आप इस जबरन वसूली को 'कोल्ला आदिक्कल' कहते हैं, लेकिन मोदी इसे चुनावी बॉन्ड कहते हैं। जैसा आम चोर सड़कों पर करते हैं, वैसा प्रधानमंत्री अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कर रहे हैं।'

**प्रधानमंत्री पहले खुद आईना देखें रू ममता**

जलपाईगुड़ी : पश्चिम बंगाल में केंद्रीय दलों द्वारा की जा रही भ्रष्टाचार संबंधी जांच पर श्वेतपत्र जारी करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पहले खुद आईना देखना चाहिए। एक चुनावी रैली में बनर्जी ने कहा कि राज्य में तृणमूल कांग्रेस ही भाजपा से लड़ रही है, जबकि माकपा और कांग्रेस उसके साथ मिलकर काम कर रही हैं। उन्होंने भाजपा को 'बंगाली विरोधी पार्टी' बताया और आरोप लगाया कि वह 'एनआरसी की आड़ में' आदिवासियों, दलितों तथा ओबीसी को 'बाहर करने की योजना बना रही है'।

**गुजरात: जेल में बंद नेता आप के स्टार प्रचारक**

नयी दिल्ली रू आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन का नाम गुजरात में लोकसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया है। ये सभी नेता जेल में बंद हैं। अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी उन 40 स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल हैं, जिनके नाम पार्टी ने निर्वाचन आयोग को सौंपे हैं। सूची में अन्य प्रमुख नाम आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, राघव चड्ढा और संदीप पाठक के हैं। इस सूची में राज्यसभा सदस्यों-हरभजन सिंह और स्वाति मालीवाल के नाम नहीं हैं।

### डिंपल यादव ने मैनपुरी से भरा नामांकन



मैनपुरी । समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी और वर्तमान सांसद डिंपल यादव ने मंगलवार को मैनपुरी लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। समाजवादी पार्टी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी डिंपल यादव ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।' डिंपल के नामांकन के समय समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव और शिवपाल यादव मौजूद थे। मैनपुरी सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी जयवीर सिंह और बसपा के शिवप्रसाद यादव मैदान में हैं।

### एक नजर..

### झेलम नदी में नाव पलटी, छह की मौत



श्रीनगर (एजेंसी) श्रीनगर शहर के बाहरी इलाके में मंगलवार को झेलम नदी में एक नाव के पलट जाने से छह लोगों की मौत हो गयी। नाव में ज्यादातर स्कूली बच्चे थे। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना गंदबल नौगाम इलाके में सुबह करीब आठ बजे हुई और अंतिम सूचना तक छह लोगों को नदी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था।

### हेमा मालिनी पर टिप्पणी सुरजेवाला के 48 घंटे तक प्रचार पर रोक



नयी दिल्ली, (एजेंसी) निर्वाचन आयोग ने भाजपा सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के चुनाव प्रचार करने पर मंगलवार को 48 घंटे के लिए रोक लगा दी। इस लोकसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग द्वारा किसी नेता के प्रचार करने पर पहली बार प्रतिबंध लगाया गया है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि आयोग, संविधान के अनुच्छेद 324 और इस संबंध में सक्षम बनाने वाली अन्य सभी शक्तियों के तहत, सुरजेवाला को मौजूदा चुनाव के संदर्भ में 16 अप्रैल को शाम 6 बजे से 48 घंटे तक किसी भी जनसभा, सार्वजनिक जुलूस, रैलियां, रोड शो और साक्षात्कार, मीडिया आदि में सार्वजनिक भाषण देने से रोकता है।

### वर्ष 2028 तक बेरोजगारी दर में 0.97: कमी संभव



नयी दिल्ली, (एजेंसी) देश में बेरोजगारी दर में वर्ष 2028 तक 0.97 प्रतिशत अंक की कमी आ सकती है। एक रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया है कि देश की अर्थव्यवस्था के पांच लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जिससे बेरोजगारी दर घटेगी। शोध संस्थान 'ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ)' की 'भारत रोजगार परिदृश्य 2030' रिपोर्ट के मुताबिक, श्रमबल में बिना रोजगार वाले लोगों का प्रतिशत यानी बेरोजगारी दर वर्ष 2024 के 4.47 प्रतिशत से घटकर 2028 में 3.68 प्रतिशत रह जाने का अनुमान है। रिपोर्ट कहती है, 'भारत का रोजगार बाजार व्यापक बदलाव का अनुभव कर रहा है। कोविड-19 महामारी के बाद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है।' रिपोर्ट के मुताबिक, 'भारत 7.8 प्रतिशत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के साथ 2026-27 तक पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य हासिल कर सकता है। मजबूत निजी खपत और सार्वजनिक निवेश से इस वृद्धि को समर्थन मिलेगा।'

## मॉब लिंचिंग रोकने को क्या किया : सुप्रीम कोर्ट

### राज्यों को 6 हफ्तों में जवाब दाखिल करने का आदेश



नयी दिल्ली, (एजेंसी) सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को विभिन्न राज्य सरकारों से कथित गौरक्षकों और भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामलों पर की गई कार्रवाई के बारे में छह सप्ताह में उसे अवगत कराने को कहा। जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने एक महिला संगठन की याचिका पर सुनवाई छह सप्ताह बाद करने का फैसला किया।

याचिका में अनुरोध किया गया था कि राज्यों को कथित गौरक्षकों द्वारा मुसलमानों के खिलाफभीड़ हिंसा की घटनाओं से निपटने के लिए शीर्ष अदालत के 2018 के एक फैसले के अनुरूप तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाए। पीठ ने आदेश दिया, 'हमने पाया है कि अधिकतर राज्यों ने 'मॉब लिंचिंग' के उदाहरण पेश करने वाली रिट याचिका पर अपने जवाबी हलफनामे दाखिल नहीं किए हैं। राज्यों से अपेक्षा थी कि वे कम से कम इस बात का जवाब दें कि ऐसे मामलों में क्या कार्रवाई की गयी है। हम उन राज्यों को छह सप्ताह का समय देते हैं जिन्होंने अपना जवाब दाखिल नहीं किया है।' शीर्ष अदालत भाकपा से जुड़े संगठन 'नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वुमेन' (एनएफआईडब्ल्यू) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें पिछले साल केंद्र सरकार को और महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश तथा हरियाणा के पुलिस महानिदेशकों को नोटिस जारी किए गए थे और याचिका पर उनके जवाब मांगे गए थे। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता संगठन की ओर से पेश वकील निजाम पाशा ने कहा कि मध्य प्रदेश में कथित 'मॉब लिंचिंग' की एक घटना हुई थी लेकिन पीड़ितों के खिलाफगौहत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## रामदेव और बालकृष्ण को माफी मांगने की अनुमति

### भ्रामक विज्ञापन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा- एलोपैथी को नीचा न दिखाएं



नयी दिल्ली, (एजेंसी) सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु रामदेव और उनके सहयोगी बालकृष्ण को भ्रामक विज्ञापन मामले में एक सप्ताह के भीतर सार्वजनिक माफी मांगने और पश्चाताप दिखाने की अनुमति दे दी। शीर्ष अदालत ने हालांकि, यह भी स्पष्ट कर दिया कि वह अभी उन्हें इस चरण में राहत नहीं देने जा रही है। शीर्ष अदालत 2022 में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें कोविड टीकाकरण और चिकित्सा की आधुनिक पद्धतियों के खिलाफएक दुष्प्रचार अभियान चलाने का आरोप लगाया गया है। सुनवाई के दौरान रामदेव और बालकृष्ण दोनों व्यक्तिगत रूप से उपस्थित थे और दोनों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने बिना शर्त माफी मांगी और जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ से कहा कि वे 'पछतावा दिखाने के लिए सार्वजनिक माफी मांगने' को तैयार हैं। जस्टिस अमानुल्लाह ने कहा, 'आप एलोपैथी को नीचा नहीं दिखा सकते। आप अपना काम करिये। आप अच्छा काम कर रहे हैं।' अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी।

**'अदालत में इतनी मासूमियत काम नहीं आती'**

पीठ ने कहा, 'आप इतने मासूम नहीं थे कि आपको पता न चले कि अदालत में क्या हुआ है। इतनी मासूमियत अदालत में काम नहीं आती।' पीठ ने तब नाराजगी जताई जब बालकृष्ण ने कहा कि रामदेव का कंपनी के रोजमर्रा के मामलों से कोई लेना-देना नहीं है।

## सिविल सेवा परीक्षा 2023 परिणाम

### आदित्य शीर्ष पर, अनिमेष को दूसरा व अनन्या रेड्डी को तीसरा स्थान



नयी दिल्ली, (एजेंसी) आदित्य श्रीवास्तव ने सिविल सेवा परीक्षा 2023 में पहला स्थान हासिल किया है जबकि अनिमेष प्रधान और डोनुरु अनन्या रेड्डी क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को यह घोषणा की। यूपीएससी द्वारा मंगलवार को घोषित परिणामों के अनुसार, श्रीवास्तव ने कानपुर आईआईटी से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक किया है। कुल 1,016 अभ्यर्थियों (664 पुरुष और 352 महिलाओं) ने परीक्षा उत्तीर्ण की और आयोग ने विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए उनके नामों की सिफारिश की है। पीके सिद्धार्थ रामकुमार और रुहानी ने सिविल सेवा परीक्षा में क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया। शीर्ष 25 अभ्यर्थियों में 10 महिलाएं और 15 पुरुष हैं।

## मुठभेड़ में 29 नक्सली ढेर, तीन जवान घायल



कांकेर, (एजेंसी) छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 29 नक्सलियों को मार गिराया है। इस मुढभेड़ में तीन जवान भी घायल हुए हैं। कांकेर जिला कांकेर लोकसभा क्षेत्र में आता है, जहां 26 अप्रैल को आम चुनाव के दूसरे चरण में मतदान होगा।बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि जिले के छोटेबेठिया पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीनागुंडा और कोरोनार गांवों के मध्य हापाटोला गांव के जंगल में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को मार गिराया है। सुरक्षाबलों को माओवादियों के उत्तरी बस्तर डिवीजन के नक्सली शंकर, ललिता, राजू समेत अन्य नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। सूचना पर बीएसएफऔर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया। दल मंगलवार दोपहर लगभग दो बजे हापाटोला गांव के जंगल में था तभी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

पुलिस अधिकारी ने बताया, 'प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घटनास्थल से 29 नक्सलियों का शव, एके-47 राइफल, एसएलआर राइफल, इंसास राइफल और 303 बंदूकों समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किया गया है।' इलाके में अब भी खोजी अभियान जारी है। तीन जवान घायल हुए हैं तथा उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

## प्रथम चरण की 08 लोकसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल को होगा मतदान



लखनऊ (एजेंसी) ।उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने स्वतंत्र, समावेशी और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के तहत किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समयावधि के समाप्त होने से पूर्व के 48 घंटे की अवधि में किसी भी राजनैतिक दल और उनके प्रत्याशियों व प्रतिनिधियों द्वारा निर्वाचन क्षेत्र में किये जाने वाले चुनाव प्रचार संबंधी सम्पूर्ण गतिविधियॉ समाप्त हो जायेगी। इस अवधि में निर्वाचन क्षेत्र के भीतर किसी भी प्रकार की चुनाव प्रचार संबंधी गतिविधियॉ संचालित नहीं होगी। सभी राजनैतिक दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की चुनाव प्रचार की अवधि समाप्त होने के बाद निर्वाचन क्षेत्र में मौजूदगी प्रतिबंधित रहेगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के प्रथम चरण की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 19 अप्रैल, 2024 को मतदान होना है। इसके लिए मतदान समाप्त होने से पूर्व के 48 घंटे की अवधि में अर्थात कल दिनांक 17 अप्रैल, 2024 को सायं 06 बजे के बाद से इन निर्वाचन क्षेत्रों में राजनैतिक दलों व उनके प्रत्याशियों द्वारा किसी भी प्रकार के चुनाव प्रचार संबंधी गतिविधियों व अभियानों पर प्रतिबंध रहेगा। चुनाव प्रचार अभियान की समाप्ति के बाद निर्वाचन क्षेत्र के सभी जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेगे कि ऐसे सभी बाहरी राजनैतिक पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान निर्वाचन क्षेत्र छोड़ दें और इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी आयोग का निर्देश सभी राजनैतिक दलों, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों और उनके एजेंटों के ध्यान में लायें।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदान केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगा दी है, जबकि पीठासीन अधिकारी अपने फोन साइलेंट मोड में ले जा सकेंगे और आवश्यकता पड़ने व आपात स्थिति में केवल सेक्टर अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के साथ संचार के लिए उपयोग कर सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होना है, उसमें 1-सहारनपुर, 2-कैराना, 3-मुजफ्फरनगर, 4-बिजनौर, 5-नगीना (अ0जा0), 6-मुरादाबाद, 7-रामपुर, 26-पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र आती हैं। प्रथम चरण की ये सभी 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत तथा बरेली जनपद में आते हैं। प्रथम चरण की इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 80 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें 73 पुरुष और 07 महिला उम्मीदवार हैं।



## तालाब में हुए भ्रष्टाचार को लेकर सभासदों ने भेजा नोटिस



**युरेशिया संवाददाता**

सरधना। नगर पालिका परिषद सरधना के वार्ड नं0-13 से सभासद शहजाद पुत्र नसीबुद्दीन निवासी मोहल्ला धर्मपुरा, सभासद वार्ड नं0 25 इमरान पुत्र इरफान निवासी मौहाला आजाद नगर चकला, सभासद वार्ड नं0-03 कविता पत्नी निर्दोष कुमार निवासी मोहल्ला गढ़ी खटीकान सरधना ने सुनील कुमार एडवोकेट बनाम सबीला बेगम अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरधना जनपद मेरठ पत्नी निजाम अंसारी निवासिनी मोहल्ला तकियाकैत कस्बा सरधना जनपद मेरठ उत्तर, अवर अभियंता, नगर पालिका परिषद सरधना को नोटिस जारी करते हुए बताया कि मेरे व्यवहारी के कथन व निर्देशानुसार आपको निम्नलिखित सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारीगण नगर पालिका परिषद सरधना के निर्वाचित सभासद है तथा राजनीतिक एवं स्वस्थ मस्तिष्क के व्यक्ति है तथा कानून को मानने वाले जिम्मेदार व्यक्ति है। आपके द्वारा तहसील रोड मोहाला कुम्हारान में तालाब की रिटेनिंग वाल व सौंदर्यकरण के कार्य का सेटिंग के तहत अंकन 8116384 रुपये का टेण्डर देकर कार्यदेश भी काया संबंधित निर्माण एजेंसी मैसर्स सरकार कंस्ट्रक्शन एण्ड डवलपर्स को को पत्रांक संख्या-1369ध्न0 पा0 परि0-कार्या0-2022-23 दिनांकित 08-08-2022 में दिया था। उक्त कार्य के संबंधित ठेकेदार से इतनी अधिक सेटिंग है कि आपके द्वारा सेटिंग के चलते बिना कार्य कराये ही अंकन 2653225 रुपये का अनावश्यक व अवैध भुगतान ठेकेदार को कर दिया। टेण्डर व कार्यदेश में यह साफसाफउल्लेख है कि मौ0 तहसील रोड़ कुम्हारान में तालाब की रिटेनिंग वाल व सौदर्याकरण का कार्य किन्तु टेण्डर व कार्यदेश के हिसाब से न ही तो उक्त

तालाब में रिटेनिंग वाल का कार्य हुआ और न ही सौंदर्याकरण का कोई कार्य ही हुआ है। किंतु यह सब कुछ जानते हुए भी आपके द्वारा सेटिंग के चलते अंकन 2653225 रुपये का धोखाधड़ी से भुगतान करके सरकार को वित्तीय हानि पहुँचाने के साथ साथ धोखाधड़ी व पद का दुरुपयोग किया है। जो एक घोर अपराध की श्रेणी में आता है। जब उक्त मामले को मीडिया द्वारा प्रकाशित किया गया तब धोखाधड़ी से किये गये भुगतान के सापेक्ष अपना बचाव करने की नीयत से नगर पालिका परिषद सरधना द्वारा संबंधित ठेकेदार को कई नोटिस दिये गये किन्तु सेटिंग के चलते कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। बिना कार्य किये ही ठेकेदार को भुगतान करने के अपराध से बचने की नीयत से ही आपके द्वारा पुनः सेटिंग कर पुनः उक्त तालाब का टेण्डर छोड़कर कार्यदेश जारी किया है। तथा युद्ध स्तर पर कार्य कराकर धोखाधड़ी से किये गए भुगतान को छुपाया जा रहा है। उक्त धनराशि अंकन 2653225 रुपये का तालाब के नाम पर बंदरबाट हुए हैं। उक्त तालाब में कोई भी कार्य नहीं हुआ है। और उक्त सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मेरठ, आयुक्त महोदया मेरठ मण्डल मेरठ व वर्तमान अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सरधना को शिकायती पत्र दिया गया है तथा माननीय लोक आयुक्त के समक्ष भी परिवाद प्रेषित किया गया है। जिसमें वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्य पर जाँच होने तक रोक लगाने की मांग की गई है। किन्तु धोखाधड़ी से किये गये भुगतान को छुपाने की नीयत से अब तक उक्त तालाब पर चल रहे निर्माण पर कोई रोक नहीं लगाई गई। नोटिस प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर धोखाधड़ी से किये गये उक्त भुगतान की भरपाई हेतु नगर पालिका परिषद सरधना के कोष में अंकन 2653225 रुपये जमा करें अथवा ठेकेदार से जमा कराकर उसकी रशीद की कॉपी सहित अपना जवाब दे अन्यथा आपके विरुद्ध सक्षम न्यायालय में वाद योजित किया जायेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी आपकी अपनी होगी।

## छात्र, छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली




## निकाल मतदाताओं को किया जागरूक

**नौरोज हैदर शाही/युरेशिया**

हल्दौर। नगर के अम्हेड़ा मार्ग पर स्थित जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी में मतदाता जागरूकता को लेकर विद्यालय के छात्र छात्रों ने रैली निकाल लोगों को जागरूक किया। रैली का शुभारंभ प्रबंधक रघुराज सिंह नागर द्वारा किया गया।प्रबंधक रघुराज सिंह नागर ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में है अहम भूमिका निभानी चाहिए। देश के हर नागरिक जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है वह सभी 19 अप्रैल को अपना मतदान जरूर करें।

इस मौके पर विद्यार्थियों के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर नागरिकों की है पहचान, सबसे पहले मत का दान आदि नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक किया

रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर स्थानीय टाट मोहरा, शहीद स्मारक, लक्कड़ शाह चौराहा, मोहल्ला रईसान से होती हुई विद्यालय परिसर पहुंची। इस दौरान छात्र छात्राओं के हाथों में वोट देने की अपील के बैनर लेकर चल रहे थे जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेदारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सत्य और ईमान से सरकार बनाएंगे मतदान से, अब जागो प्यारे मतदान वोट हमारा अधिकार आदि स्लोगन लिखे थे कार्यक्रम में विकास पंकज, अरुण डबास, अर्जुन कुमार, ललित कुमार, विक्रांत कुमार, विशाल चाहल, अनिरुद्ध शर्मा, राकेश शर्मा, अपूर्व चौहान, प्रकाश, नीरज कुमार, निशा राजपूत, स्वाति पराशर, गीता, मानसी, स्वाति वर्मा, प्रियंका, वर्षा नंदवंशी, नमिता रस्तौगी, महिमा, नीरू, पलक राजपूत, पूजा, अफ्शा आदि सभी शिक्षकों ने सहयोग किया।




# मंडलायुक्त व आईजी ने किया नगरीय क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

### मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध कराई जाये सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं-आयुक्त

### मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं में न रहे कोई कमी, सैक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट करें सत्यापन-सेल्वा कुमारी जे0

### नगर क्षेत्र में जिन मतदान केन्द्रों में फोर्स ठहरी हुई है वहां मानक अनुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहे संबंधित अधिकारी निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्यवाही करें - आईजी नचिकेता झा







**युरेशिया संवाददाता**

मेरठ। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मंगलवार को मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे0 व आईजी नचिकेता झा द्वारा मेरठ नगर क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय पूर्वा अहिरान, बीएवी इंटर कालेज सुभाष बाजार, इस्माइल गर्ल्स इंटर कालेज तथा नंदलाल सेखडी सरस्वती विद्या मंदिर रामनगर के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने मतदान केन्द्रों पर पोलिंग पार्टियों के प्रवेश करने, पानी, दिव्यांग जनों हेतु रैम्प, बिजली, शौचालय, सीसीटीवी कैमरा, साफ-सफाई आदि का सत्यापन करते हुए निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित करें कि समस्त मतदान केन्द्रों पर बूथ के अंदर प्रकाश पर्याप्त रहे जिससे अंदर निर्वाचन कार्य में कोई भी व्यवधान उत्पन्न न हो। दिव्यांग जनों हेतु मतदान केन्द्र पर बनाई गई रैम्प को चेक करा लिया जाये तथा मानक के अनुरूप कार्यवाही की जाये। गर्मी बढने के दृष्टिगत समस्त मतदान केन्द्रों पर बैठने हेतु शेड, पीने का पानी उपलब्ध रहे। उन्होंने कहा कि बूथ पर निर्वाचन से संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के मोबाइल नंबर चस्पा किये जाये जिससे कि मतदान वाले दिन किसी समस्या के समाधान हेतु उपलब्ध नंबरों पर संपर्क स्थापित किया जा सके साथ ही अपर नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया कि सभी मतदान केन्द्रों का एक बार और निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को ठीक किया जाये। निर्देशित किया गया कि बूथवार राजनैतिक पार्टियों द्वारा बनाये जाने वाले एजेंटो की सूची प्राप्त करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। आईजी ने मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में जिन मतदान केन्द्रों में फोर्स ठहरी हुई है वहां मानक अनुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहे संबंधित अधिकारी निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्यवाही करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार, अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की जाये-जिला निर्वाचन अधिकारी

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के बृहस्पति भवन सभागार में की सैक्टरध्जोनल मजिस्ट्रेट तथा एआरओ के साथ बैठक



**युरेशिया संवाददाता**

मेरठ। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के बृहस्पति भवन सभागार में सैक्टरध्जोनल मजिस्ट्रेट तथा एआरओ के साथ बैठक आहूत की गई। उन्होंने कहा कि मतदान वाले दिन सभी सैक्टरध्जोनल मजिस्ट्रेट समय से अपने मतदान क्षेत्रध्पोलिंग बूथ पर अवश्य पहुंच जाये। सभी सैक्टर मजिस्ट्रेट अपने पास आईकार्ड अवश्य रखे तथा अपना मोबाइल ऑन रखे। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। मतदान केन्द्रों पर पोलिंग एजेंट अपना कार्ड अवश्य लगाकर रखे। उन्होंने बताया कि मतदान से 48 घंटे पूर्व प्रचार-प्रसार बंद हो जाता है फिर भी प्रत्याशियों द्वारा प्रचार-प्रसार किया जाये तो उन पर सख्त कार्यवाही की जाये। उन्होने कहा कि हर बूथ पर एक वोटर असिस्टेंस बूथ बनना है ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पडे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी परस्पर समन्वय के साथ कार्य करें तथा निर्वाचन को सकुशल और निष्पक्ष संपन्न कराये। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह, एसपी ट्रैफिक राघवेन्द्र मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी व सैक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट तथा एआरओ उपस्थित रहे।

## सीआरपीएफव पुलिस के जवानों ने फ्लैग मार्च निकालकर दिया सुरक्षा का संदेश



**युरेशिया संवाददाता**

चरथावल लोक सभा चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को सीआरपीएफव पुलिस के जवानों ने फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा का संदेश दिया। फ्लैग मार्च प्राथमिक विद्यालय से चलकर समस्त गांव का भ्रमण किया। ग्रामीणों को सुरक्षा व शांति का भरोसा दिया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस के अधिकारियों ने पोलिग बूथ का भी निरीक्षण किया।

जनपद मुजफ्फरनगर के थाना चरथावल क्षेत्र के गांव नगला राई में

लोक सभा चुनाव के मद्देनजर सीआरपीएफव पुलिस के जवानों ने फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा का संदेश दिया। फ्लैग मार्च प्राथमिक विद्यालय से चलकर समस्त गांव का भ्रमण किया। ग्रामीणों को सुरक्षा व शांति का भरोसा दिया।

इस अवसर पर थाना प्रभारी ने कहा कि भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने को पुलिस बल तत्पर है। पुलिस, पीएसी और सीआरपीएफके जवान रूट मार्च निकालकर लोगों को सुरक्षा शांति व दायित्व का भरोसा दिला रहे हैं। चुनाव में खलल डालने वाले असामाजिक तत्वों की निगरानी की जा रही है। ऐसे लोगों को प्रतिबंधित कर के भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने का प्रयास किया जा रहा है। थानाध्यक्ष ने कहा कि कोई मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी हो तो इसकी सूचना तत्काल निर्धारित सरकारी संपर्क नंबरों पर या पुलिस को दें।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य कुमारी अर्चना S.D. Sports Academy में भव्य स्वागत







**युरेशिया संवाददाता**

मेरठ। मंगलवार को जानसठ रोड स्थित S.D. Sports Academy में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य कुमारी अर्चना का आगमन हुआ उनका स्वागत ।बंकमउल अध्यक्ष अनुभव कुमार, निदेशक डॉक्टर सिद्धार्थ शर्मा, अकैडमी इंचार्ज प्रमोद कुमार व कोऑर्डिनेटर सिल्की सचदेवा द्वारा स्वागत किया गया। इंचार्ज प्रमोद कुमार ने बताया कि कुमार अर्चना उन्नाव की निवासी हैं तथा पिछले 8 वर्षों से क्रिकेट खेल रही हैं वह महिला क्रिकेट विश्व कप टीम की सदस्य रही हैं। और अंदर-19 वर्ल्ड कप जीताने में उनके द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण कैच का बड़ा योगदान था अभी वह मुजफ्फरनगर भ्रमण पर आई हुई हैं। उनके साथ स्पोर्ट्स फिजियोथैरेपी डॉ शिवानी लाल ने भी अकादमी का अवलोकन किया।? क्रिकेट के सीनियर खिलाड़ी को देखकर सभी अकादमी में क्रिकेट ट्रेनिंग ले रहे हैं छात्र काफी उत्साहित रहे कुमारी अर्चना ने उनकी क्रिकेट की बारिक्यौं से अवगत कराया तथा उनके साथ एक छोटा सा मैच भी खेला। निदेशक डॉक्टर सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि S.D. Sports Academy में अत्याधुनिक शूटिंग रेंज, कराटे, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, योगा, स्केटिंग की नियमित ट्रेनिंग राष्ट्रीय स्तर के कोच द्वारा ट्रेनिंग प्रदान कि जा रही है, तथा अकादमी में 5 वर्ष से 17 वर्ष तक के छात्रों द्वारा निर्मित रूप से प्रदान की जा रही है, आने वाले समय में कई मशहूर स्पोर्ट्स हस्तीयों के आने का कार्यक्रम बन रहा है। इस अवसर पर ईशविन्दर अंशिका शूटिंग कोच प्रियांशु शर्मा(मान्यता प्राप्त द्वारा स्पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया)क्रिकेट कोच पुनीत चौधरी योगा अध्यापक आरजू उपस्थित रहे।

# इलैक्ट्रिक स्कूटी में आग लाखो रूपये का सामान जलकर हुआ राख





**युरेशिया संवाददाता**

मीरापुर। कस्बे के मौहल्ला कोटला पुरानी घास मंडी स्थित एक मकान में देर रात इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी में आग लग गई। जिससे स्कूटी, एक्टिवा स्कूटी व कार तथा आसपास रखा घर का सामान भी जल गया। आग फैलने के काफी देर बाद घरवालों को घटना का पता लगा। शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हुए और काफी देर बाद आग पर काबू पाया जा सका।

कस्बे के मौहल्ला कोटला पुरानी घास मंडी में रहीस आलम पुत्र अजीजुल हसन सीकरी वाले का मकान स्थित है। इन्होने कुछ दिनों पहले बैटरी से संचालित होने वाली इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीदी थी। बताया गया है कि रहीस आलम ने उसे चार्जिंग पर लगाया था चार्जिंग फुल होने के बाद वह सोने के लिऐ चला गया था। रात करीब दो बजे स्कूटी में फाल्ट होने से बैटरी में आग लग गई। जिससे पूरी स्कूटी जल गई, स्कूटी की आग आसपास भी फैल गई। स्कूटी के बराबर में खडी एक्टिवा स्कूटी तथा निशान मेगनाईट कार भी जलने लगी कुछ देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया तथा पूरे घर में धूंआ फेल गया जिस कारण रहीस आलम व परिजनो की आंखे खुल गयी तथा उन्होने शोर मचा दिया। शोर सुनकर पास में रहने वाले विकास, जुगनू, अमन व शिजान आदि मौके पर पहुंचे तथा रहीस आलम के परिवार को छत से दूसरे मकान से सुरक्षित निकाल लिया। आसपास के लोग ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बढ़ती देख दमकल को भी सूचना दी गई तथा 112 वा काल की गयी तो काल उत्तराखंड में जाकर लगी जिस कारण मौहल्ले वाले खुद ही आग बुझाने का प्रयास करते रहे। आग लगने से किसी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन घर स्वामी की दो स्कूटी व एक कार सहित अन्य सामान भी जलकर राख हो गया। रहीस आलम ने बताया कि उसकी पत्नी शबाना खानम की ओर से थाने में अग्रिम कार्यवाही के लिए तहरीर दे दी गई है।

## अष्टमी पर कन्याओं का पूजन किया गया





**युरेशिया संवाददाता**

मीरापुर। चौत्र नवरात्र दुर्गाष्टमी का आज दुर्गा माता व कन्याओं का पूजन कर भक्तो ने अपने व्रत खोले। इस मौके पर देवी के मंदिरो में विशेष सजावट कर पूजा अर्चना की गई।

चौत्र नवरात्रो के अवसर पर अष्टमी तिथि पर भक्तजनो ने अपने घरो में कन्याओं को बुलाकर उनका पूजन किया तथा भोजन प्रसाद कराया व उपहार दिये गये। नगर के काली मंदिर, योगमाया मंदिर, शीतला माता मंदिर पर प्रात काल से ही दर्शन करने वाले भक्तो की भीड लगी रही। इस मौके पर मंदिरो को विशेष सजाया गया था। सांयकाल मंदिरो में दुर्गा की विशेष आरती व पूजा का आयोजन किया गया। काली मंदिर पर रात्रि जागरण किया गया तथा प्रात काल प्रसाद के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिरो में राम नवमी पर्व की तैयारियां की जा रही हैं राम मंदिर पंजाबी कालोनी में अखंड रामचरित्र मानस का पाठ का शुभारम्भ पूजा अर्चना के बाद शुरू कर दिया गया। राम नवमी के अवसर पर क्षेत्र के सभी मंदिरो में पूजा अर्चना व भंडारे का आयोजन किया जायेगा। राम नवमी पर मुख्य आयोजन पंजाबी कालोनी में स्थित राम मंदिर में आयोजित किया जायेगा।

## एक नजर..

## अष्टमी पर महागौरी की हुई श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना



विपुल जैन / युरेशिया

बागपत। जिले में दुर्गाष्टमी श्रद्धापूर्वक मनाई गई। लोगों ने भजन-कीर्तन कर मां भगवती के आठवें रूप देवी महागौरी की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। लोगों ने घरों में कन्याओं को भोजन कराया।

सुबह के समय मंदिरों में पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ी। मंदिर देवी के जयकारों व घंटे-घड़ियालों से गूंज उठे। जगह-जगह मंदिरों में देवी का भजन-कीर्तनों के साथ गुणगान किया गया। समाज सेविका मनोरमा श्रोती ने महागौरी की पूजा अर्चना की और कन्याओं को भोजन कराया। इसके अलावा नगर के पक्का घाट मंदिर, बाबा जानकीदास मंदिर, ठाकुरद्वारा के राधा-कृष्ण दामोदरचन्द महाराज मंदिर, पंजाबी हनुमान मंदिर, मेरठ रोड के शिव मंदिर, पुराने कस्बे के बागेश्वर मंदिर, पिपलेश्वर मंदिर, शिव शक्ति धाम मंदिर कलक्ट्रेट तथा शुगर मिल कॉलोनी के दुर्गा मंदिर में काफी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे।

## मां भगवती के जागरण में धार्मिक भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु



विपुल जैन / युरेशिया

बागपत। पाबला बेगमाबाद गांव में समाजसेवी सुखबीर सिंह के आवास पर मां भगवती का विशाल जागरण हुआ, इसमें परिवार व गांव के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और धर्म लाभ कमाया।

श्रद्धालु धार्मिक भजनों पर जमकर झूमे। सोनी जागरण पार्टी पाबला बेगमाबाद के कलाकारों ने माँ भगवती के एक से बढ़कर एक भजन सुनाये। भजनों को सुनकर श्रद्धालु अपने पैरों को नहीं रोक पाए और धार्मिक भजनों पर जमकर नाचे। जागरण के बीच में भगवान हनुमान, शिव- पार्वती आदि की कई मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई, जिसकी सभी ने सराहना की। सुबह के समय तारामती की कहानी सुनाई गई और उसके बाद सभी को प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर सुखबीर सिंह, किरण देवी, शैलेष धामा, पूनम देवी, शैलेन्द्र, अखिल धामा, विनय चौकन आदि समेत गांव के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# बड़ौत की रूपल राणा ने रचा कीर्तिमान, यूपीएससी की परीक्षा में प्राप्त की 26 वी रैंक

### क्षेत्र में खुशी का माहौल,परिजनों को बधाई देने वालों का लगा ताँता।




नीलकंठ /युरेशिया

बड़ौत।नगर की चौधरान पट्टी निवासी रुपल राणा ने यूपीएससी की परीक्षा में 26 सी रैंक प्राप्त कर नया कीर्तिमान रच दिया है।परिजनों के साथ-साथ क्षेत्र में भी हर्ष की लहर दौड़ गई है। परिजनों को बधाई देने के लिए क्षेत्र वासियों का ताँता लगा हुआ है। बहराल रूपक राणा अभी दिल्ली में है। उन्हें फोन पर लगातार बधाई संदेश मिल रहे है। बड़ौत नगर के पट्टी चौधरान निवासी जसवीर राणा की पुत्री रूपल राणा ने यूपीएससी की परीक्षा में 26 वी रैंक प्राप्त की। रुपल राणा की उपलब्धि से जिला बागपत का नाम रोशन हो गया है।फोन पर रूपल राणा से बातचीत करने पर उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता को दिया। रूपल राणा के पिता जसवीर राणा दिल्ली पुलिस में दरोगा के पद पर कार्यरत हैं। जसवीर राणा ने बताया कि ये पल उनके लिए बहुत खुशी के पल है। रुपल की उपलब्धि ने उनका क्षेत्र व प्रदेश मेँ मान सम्मान बढ़ा दिया है । रूपल राणा बचपन से पढ़ने में होशियार और लगन शील थी।रूपल राणा की इस उपलब्धि पर परिजनों मेँ खुशी का माहौल है।उनकी सफलता से नगर और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। घर पर भी बधाई देने वालों का ताँता लगा हुआ है।

**यूपीएससी में 26 सी रैंक प्राप्त कर माता का सपना किया साकार।**

रुपल राणा ने बताया की उसकी माता अंजू राणा का सपना उन्हें डीएम बनते हुए देखना था। लेकिन लगभग 3 माह पूर्व उनकी माता अंजू राणा का बीमारी के चलते देहांत हो गया था। जिसके कारण उनकी मानसिक स्थिति तनावपूर्ण हो गयी थी, लेकिन माता का सपना साकार करने के लिए उन्होंने अपने अंदर पुनः आत्मविश्वास पैदा किया और दृढ इच्छाशक्ति के साथ अपनी तैयारी मेँ जुट गयी और यूपीएससीमेँ 26 वी रैंक प्राप्त कर अपनी माता का सपना साकार करते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।

# परनिंदा के त्याग से जीवन बनेगा सुखी:ज्ञान भूषण





युरेशिया संवाददाता

बिनौली। जैन संत आचार्य ज्ञान भूषण महाराज ने कहा कि दूसरों की निंदा चुगली करने वाला मनुष्य सदा दुखी रहता है। जैन संत ज्ञान भूषण महाराज मंगलवार को बिनौली के श्री दिगंबर जैन पुराना मंदिर में श्रद्धालुओं को प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ईर्ष्या जलन के कारण हम दूसरे में बुराई देखते हैं, उन्हें हीन समझने लगते हैं। गुणों पर पर्दा डालकर अवगुण प्रकट करना ही पर की निंदा कहलाता है।निंदा करने वाला व्यक्ति दूसरों की निंदा कर स्वयं को महान समझने की कोशिश करता है। यह जानते हुए भी कि, मैं स्वयं में अवगुण धारण किए हुए हूं। अपने आपमें अपने को ऊंचा समझने का निरर्थक प्रयास करता है।निंदा चुगलखोरी करने वाला व्यक्ति दर दर की ठोकर खाता है। व्यक्ति उसकी बात सुनते समय भी उसे उपेक्षा की दृष्टि से देखते है। परंतु जो व्यक्ति स्वयं उस जैसे है, वे उस समय तो उस व्यक्ति की हा में हा मिलते जाते है,परंतु अपनी व उसकी अंतरंग दशा को जानते है। इसलिए निंदा से बचो। प्रेम भाव मन में जगाओ। उन्होंने कहा निंदा और झूठ त्यागकर अच्छे विचार और प्रेम ह्रदय में आत्मसात करने से मनुष्य जीवन सुखमय बन जाएगा। इससे पूर्व मुलसम से पदविहार कर बिनौली पहुंचने पर जैन संत का बैंडबाजों के साथ समाज के लोगों ने स्वागत किया। इस दौरान रविंद्र जैन, नीरज जैन, अरुण जैन, गौरव जैन, मनोज जैन, जिवेंद्र जैन, अनुज जैन, नीलू जैन, छवि जैन, नेहा, साक्षी जैन, सूरज बैंसला, अरुण त्रिपाल धामा आदि मौजूद रहे।

## महिला मजदूर ने भटटे पर बंधक बनाने का लगाया आरोप मामला पैसो की लेन देन का निकला

धर्मपाल सैनी /युरेशिया

चांदीनगर क्षैत्र के ओगटी के पास एक भटटे पर काम करने वाली महिला ने बंधक बनाने का आरोप लगाया जांच मे मामला पैसो की लेन देन का निकला

गोरीपुर निवासी मोमीना ने भटटे पर ही काम करने वाली महिला ठेकेदार सीमा पर बंधक बनाने क आरोप लगाते हुए थानें मे की तो पुलिस ने मामले की जांच की तो पता चला की सीमा ने मोमीना की बीस हजार रूपये एडवांस मजदूरी के दिये थे अब महिला मजदूरी करने मना कर रही है जिस पर उसने बंधक बनाने का आरोप लगाया है थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया की मामला पैसो के लेन देन का है बंधक बनाने का आरोप निराधार है।

## बच्चों को लेकर दो पक्षों मे मारपीट एक घायल

धर्मपाल सैनी /युरेशिया

खट्टा प्रहलादपुर में दो पक्षों मे बच्चों को लेकर मारपीट हो गयी जिसमे एक व्यक्ति घायल हो गया पुलिस ने दोनो पक्षों को पकड़ थाने ले आयी जहा 151 में दोनो पक्षों के खिलाफमुकदमा कायम किया गया है।

खट्टा प्रहलादपुर निवासी मोहसिन पुत्र नसीबू का एक बच्चा घर के बाहर गन्दगी कर रहा था जिसका पडोस के ही इलियास पुत्र रियाजुद्दीन ने विरोध किया जिससे लेकर दोनो पक्षों मे पहले कहासुनी हुई जो बाद में मारपीट में बदल गयी जिसमे इलियास घायल हो गया दोनो पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफथानें मे तहरीर दी जहा दोनो पक्षों का 151 में चालान किया गया है।

## जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने निरीक्षण किया





युरेशिया संवाददाता

बागपत लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र ,निष्पक्ष, पारदर्शी ,सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से 11 -बागपत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जनपद बागपत की तीन विधानसभा छपरौली, बड़ौत, बागपत के लिये लख्मीचंद पटवारी डिग्री कॉलेज खेकड़ा में बने कमीशनिंग हॉल का जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने निरीक्षण किया जिसमें संबंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर उपस्थित रहे जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए की कोई भी कमीशनिंग हॉल में मोबाइल लेकर नहीं जाएगा मोबाइल फोन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा ।




## संपादकीय

### संवेदनहीनता के अस्पताल मरीज के बैड पर शव रखना दुर्भाग्यपूर्ण


संजय त्यागी 'महादेव'

आये दिन छोटे-बड़े शहरों के सरकारी अस्पतालों में ऐसे किस्से उजागर होते हैं, जो चिकित्सा-तंत्र की संवेदनहीनता को दर्शाते हैं। लेकिन लुधियाना के सिविल अस्पताल में एक मरीज के साथ एक ही बैड में शव रखना वाकई परेशान करने वाली घटना है। हालांकि, पहले कहा गया कि अज्ञात मरीज का शव एक अन्य मरीज के बिस्तर पर दो घंटे से अधिक समय तक रहा, बाद में विभागीय जांच में अवधि को 37 मिनट बताया गया। बहरहाल, घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। मामले में प्रशासनिक जांच के आदेश दिये गए हैं, लापरवाही की जवाबदेही तय करके कार्रवाई की बात कही जा रही है। निश्चित रूप से घटना परेशान करती है। निस्संदेह, उस मरीज की मनस्थिति को समझा जा सकता है जो शव के साथ लेटा रहा होगा। यह घटना हमारे सरकारी अस्पतालों की बदहाली को बताती है, जिसके चलते कि एक बैड पर दो-दो मरीजों को लिटाया जाता है। ऐसे में रोगियों को अन्य संक्रमण होने की भी प्रबल संभावना बनी रहती है। विडंबना ये है कि इन अस्पतालों में वे ही मरीज आते हैं, जो मजबूरी के मारे होते हैं। वे प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने में सक्षम नहीं होते। बताया जाता है कि मरने वाले मरीज को नौ अप्रैल को लुधियाना के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसकी जांघ की हड्डी टूटी थी। इस अज्ञात मरीज के साथ कोई तीमारदार भी नहीं था। लगता है कि उसे समय रहते पर्याप्त उपचार नहीं मिल पाया। बताया जाता है कि बारह अप्रैल को किसी डॉक्टर ने मरीज की फाइल में नोट लिखा कि मरीज बिस्तर पर नहीं पाया गया, जबकि मरीज चलने-फिरने में सक्षम नहीं था। उसकी फाइल में कुछ और नोट्स भी हैं लेकिन लिखने वाले डॉक्टर का नाम उसमें नहीं था। चौदह अप्रैल को मरीज को दूसरे अस्पताल में रैफर किया गया, लेकिन रैफर करने वाले डॉक्टर का उसमें उल्लेख नहीं है।

कालांतर 15 अप्रैल को मरीज की सुबह ग्यारह चालीस पर मौत होना बताया गया है। शव को सवा बारह बजे के बाद मोर्चरी में शिफ्ट किया जाना बताया गया। मामले के तूल पकड़ने के बाद लुधियाना के डिप्टी कमिश्नर ने मामले की जांच शुरू की है। बहरहाल, मामले की हकीकत जांच के बाद ही सामने आ पाएगी। लेकिन घटना ने एक बार फिर सिविल अस्पतालों में प्रबंधन की खामियों को उजागर ही किया है। बताते हैं कि नौ अप्रैल को भर्ती अज्ञात मरीज को ग्यारह अप्रैल तक उपचार नहीं मिला। कहना कठिन है कि उस मरीज के साथ क्या हादसा हुआ जिससे उसकी जांघ की हड्डी टूटी। क्या वो कोई राहगीर था जो किसी वाहन से हुई दुर्घटना का शिकार हुआ? यदि वह स्थानीय था तो उसके तीमारदार क्यों नहीं आए? क्या वह किसी आपराधिक साजिश का शिकार हुआ? बहरहाल, एक बात तो तय है कि दुर्भाग्य का मारा अज्ञात मरीज सिविल अस्पताल में कोताही का शिकार हो गया। बहुत संभव है कि समय रहते उसे उपचार मिलता तो शायद उसकी जान बच जाती। सवाल यह है कि गरीबों की अंतिम उम्मीद बने सरकारी अस्पतालों की बदहाली सुधारने के प्रयास क्यों नहीं किये जाते? लुधियाना जैसे बड़े व समृद्ध शहरों में तमाम व्यक्ति व समाजसेवी संगठन जनसेवा हेतु सक्रिय रहते हैं, क्यों नहीं इन अस्पतालों में पर्याप्त बैड उपलब्ध कराने के प्रयास होते हैं? तमाम राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में पैसा पानी की तरह बहाया जाता है, क्यों नहीं समाज के अंतिम व्यक्ति के उपचार के लिये आखिरी आश्रय स्थल सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था सुधारने के लिये योगदान दिया जाता? हमारे जनप्रतिनिधि क्यों नहीं इस दिशा में पहल करते? जनता को इन अस्पतालों में जीवन रक्षा उपकरणों व बैड आदि की व्यवस्था कराने के लिये सरकार पर दबाव बनाना चाहिए। वहीं दूसरी ओर यह भी हकीकत है कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों का भारी दबाव है। अस्पतालों को पर्याप्त मात्रा में ग्रांट भी उपलब्ध नहीं करायी जाती ताकि उपचार की पर्याप्त व्यवस्था हो सके। विडंबना यह भी कि यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों का भी अभाव है। युवा डॉक्टर मरीजों के दबाव व आर्थिक लाभों के सम्मोहन में सरकारी सेवाओं में आने से कतराने लगे हैं।

### घोषणा पत्र में जिक्र, आम आदमी की फिक्र
### तिरछी नजर

**धर्मेंद्र जोशी**

तमाम राजनीतिक दलों के घोषणा-पत्र में जिक्र है, उनको आम आदमी की बहुत फिक्र है। उसके लिए मुफ्त की योजनाओं का पिटारा खोल रहे हैं, पांच साल की लंबी चुप्पी के बाद अब फिर से बोल रहे हैं। महलनुमा मकानों से निकलकर वे सड़क की धूल छान रहे हैं, और आम आदमी को ही चुनाव तक सब कुछ मान रहे हैं। जब मतदान सम्पन्न हो जाएगा आम आदमी फिर से भीड़ में खो जाएगा, मत देने वाला तो हमेशा की तरह रहेगा कमजोर, लेकिन वोट पाने वाला बहुत ताकतवर हो जाएगा। यही लोकतंत्र की विडम्बना है कि निराशा का कोहरा आज भी घना है।

साड़ी, चूड़ी, बिंदी, चप्पल, कंबल, राशन, भाषण सब कुछ देने की बात करेंगे अगर किसी ने हक मांगा, तो लाठियों से प्रहार करेंगे। दल बदल कर पद पाएंगे, सुबह इधर तो शाम उधर हो जाएंगे। जिसको पानी पीकर कोसा करते, उसके ही अब गुण गाएंगे। वोटर बेचारा भ्रम में रहेगा और वे एक-दूसरे से मिल जाएंगे।आटा देंगे, डाटा देंगे, हर बजट में घाटा देंगे, खुद के खर्चे आसमान पर और जनता को नसीहत का कांटा देंगे। नफरत की आग को हवा देंगे, बेकसूर अपनी जान गंवा देंगे। भाई से भाई को जुदा करने का प्रयास जारी रहेगा, हर गांव, हर शहर अपनी अलग कहानी कहेगा। समय-समय पर अफवाह फैलाने का हुनर जानते हैं, यही कारण है कि ये खुद को खुदा मानते हैं।मीठी-मीठी बात करेंगे, पीठ के पीछे वार करेंगे। अभिनय है, नस-नस में समाया, चेहरा देखकर गाना गाया। वंशवाद के मुखर विरोधी, पर यह बात इन पर लागू न होती। इनके नौनिहाल लाइन लगा कर खड़े हैं, मन में अरमान भी बहुत बड़े हैं। नाना-विधि जतन कर टिकट पा जाएंगे और बड़ी पंचायत की नुमाइंदगी कर ओहदा पा जाएंगे। वहीं दूसरी ओर आम आदमी इनके छलावे में आ जाएगा और पांच साल तक राम भरोसे जिंदगी बिताएगा।

# बजाज आलियांज लाइफने ग्राहकों को व्हाट्सएप पर डिजिटल लेनदेन की सुविधा प्रदान की, प्रीमियम भुगतान को बनाया और सरल

### नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई और अन्य विविध भुगतान मोड के साथ ग्राहकों के लिए ट्रांजेक्शन में आसानी, ये सभी व्हाट्सएप इंटरफेस के भीतर सहजता से इंटीग्रेटेड हैं।

**यूरेशिया संवाददाता**




मेरठ - अग्रणी निजी जीवन बीमाकर्ता कंपनियों में में से एक बजाज आलियांज लाइफइंश्योरेंस ने मेटा के साथ साझेदारी के माध्यम से व्हाट्सएप पर प्रीमियम भुगतान का विकल्प पेश किया है। लाखों भारतीय उपभोक्ताओं को जोड़कर, व्हाट्सएप संचार और सेवा के लिए एक लोकप्रिय ऐप के रूप में सामने आया है। इस लोकप्रियता का लाभ उठाने और ग्राहकों को बेहतरीन सुविधा प्रदान करने के लिए, बजाज आलियांज लाइफ ने व्हाट्सएप के माध्यम से अपनी प्रीमियम भुगतान सेवाओं को अपग्रेड किया है। इस तरह ग्राहक एक ही स्थान पर अपनी पॉलिसी और अपने पेमेंट्स को मैनेज कर सकते हैं। ग्राहक सीधे व्हाट्सएप इंटरफेस के भीतर नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई जैसे विभिन्न पेमेंट मोड के माध्यम से अपने प्रीमियम का भुगतान आसानी से कर सकते हैं।

यह पहल भुगतान प्रक्रिया को और सुव्यवस्थित करती है, साथ ही विभिन्न पेमेंट ऐप्स के बीच स्विच करने की आवश्यकता को समाप्त करती है और सीधे व्हाट्सएप के भीतर निर्बाध और कुशल तरीके से प्रीमियम भुगतान सुनिश्चित किया जा सकता है। इस तरह ग्राहक के अनुभव को और बेहतर बनाया जा सकता है। व्हाट्सएप के व्यापक उपयोग का लाभ उठाते हुए, बजाज आलियांज लाइफइस ऐप पर 25 से अधिक सेवाएं प्रदान करता है। व्हाट्सएप पे के एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन के साथ, सभी लेनदेन सुरक्षित हैं, और यह भी सुनिश्चित है कि केवल प्रेषक और प्राप्तकर्ता ही उन तक पहुंच सकते हैं, जिससे यह एक अत्यधिक सुरक्षित भुगतान विकल्प बन जाता है। आसान प्रक्रिया और विश्वास के साथ कुल मिलाकर ग्राहकों को बेहतर अनुभव हासिल होता है और इस तरह बजाज आलियांज लाइफबीमा उद्योग के भीतर ग्राहक-केंद्रित इनोवेशन के मामले में अग्रणी कंपनी बन जाती है।

बजाज आलियांज लाइफइंश्योरेंस के चीफ ऑपरेशंस और कस्टमर एक्सपीरियंस ऑफिसर राजेश कृष्णन ने कहा, ''बजाज आलियांज लाइफमें हमेशा ग्राहकों की बेहतरी के बारे में सबसे पहले विचार किया जाता है और इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए हमने व्हाट्सएप पर डिजिटल लेनदेन की सुविधा प्रदान की है। ग्राहक अब 25से अधिक सेवाओं का लाभ उठाने के लिए हमारे अत्याधुनिक व्हाट्सएप चौटबॉट का उपयोग कर सकते हैं। प्लेटफॉर्म पर नए प्रीमियम भुगतान विकल्प के साथ, ग्राहकों को अब और भी बेहतर और निर्बाध अनुभव हासिल होगा।

ग्राहक तेजी से डिजिटल हो रहे हैं और अपनी बीमा संबंधी जरूरतों सहित हर चीज में लगातार सुविधा की तलाश में रहते हैं। बजाज आलियांज लाइफ में, हम अपने ग्राहकों की लगातार बढ़ती जरूरतों को पूरा करने और उन्हें अपने जीवन के लक्ष्यों को ट्रैक पर रखने में मदद करने के लिए ग्राहक केंद्रित समाधान लाने के लिए लगातार नए और अनूठे प्रयोग कर रहे हैं।''

# गुरुवर की आज्ञा पर सर्वस्व निशौवर करने वालों द्वारा अपने माता-पिता की अवज्ञा क्यों?


NA20200930

**एड किशन भवानी**
**कर विशेषज्ञ**

वैश्विक स्तरपर आदि अनादि काल से भारत माता की धरती पर माता-पिता को सर्वश्रेष्ठ गुरू मानने के अनेकों या यूं कहें कि अनगिनत उदाहरण से इतिहास भरा पड़ा है परंतु वर्तमान परिपेक्ष में मैं यह महसूस कर रहा हूं किसमाज का एक बहुत बड़ा तबका अपने जीवन शैली को परिवर्तित करने में मुस्तैद है।आदि-अनादि काल से हमारे भगवानों की पूजा अर्चना हो रही थी परंतु वर्तमान समय में उपवास पूजा अर्चना तो क्या उनकी तस्वीर भी हटा दी गई है और बहुत ही जोर-शोर से नए आधुनिक बाबाओ गुरुवारों की सेवा में मुस्तैद हो गए हैं।अलग अलग स्तरपर उनकी गुरु दीक्षा लेकर केवल उनके ही हो गए हैं।यहां तक कि अपने माता पिता का दर्जा भी अपने उस गुरुवार से कम कर दिया है।मैं देख रहा हूं कि आजकल उन भक्तगणों सेवकों के लिए अपने गुरुवर की आज्ञा सर्वोपरि हो गई है,उनपर सर्वस्व निषेश्वर कर देते हैं। जबकि अपने माता-पिता की अवज्ञा करने में बिल्कुल पीछे नहीं हटते उनका सम्मान की जगह अपमान करते हैं, उनके लिए अपने माता-पिता से भी बड़े गुरुवर हो गए हैं जो मेरा मानना है कि उचित नहीं है, मेरे माता-पिता ही सरोवर सर्वोपरि हैं,उसके बाद मेरे गुरुवर हैं। चूंकि शास्त्रों में भी आया है,माता गुरुतरा भूमेःपिता चोच्चत्रं च खात।भावार्थ-माता पृथ्वी से भारी है।पिता आकाश से भी ऊँचा है।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे गुरुवर की आज्ञा पर सर्वस्व निशौवर करने वालों द्वारा अपने माता-पिता की अवज्ञा क्यों?

साथियों बात अगर हम माता पिता गुरुवर और ईश्वर अल्लाह को क्रमिक स्थान देने की करें तो,जन्म लेने के बाद बच्चे की प्रथम गुरु उसकी माता ही होती है जो उसे जीवन दान देने के साथ साथ अच्छे संस्कार भी देती है इसलिए प्रथम स्थान माता को देना चाहिए।जब बच्चा बड़ा होता है तो बहुत सी चीजों की जरूरत होती है जैसे स्कूल के लिए फीस, पढ़ने के लिए किताबें, तन ढकने के लिए वस्त्र इन सभी वस्तुओं को खरीदने के लिए अर्थ की जरूरत होती है जिसकी पूर्ति एक पिता ही कर सकता है तो दूसरा स्थान पिता को देना चाहिए।जब बच्चा बड़ा होकर स्कूल जाता है तो वहां उसके टीचर उसे बाहरी दुनियां से अवगत कराते हैं अच्छे और बुरे लोगो में भेद करना बताते हैं,पढ़ लिखकर क्या करना है? इन सारी दिन दुनियां की जानकारी एक गुरु देता है इस लिए गुरु का तीसरा स्थान होना चाहिए।लेकिन अगर हम अपने धर्म शास्त्रों में जब पढ़ते हैं तो वहां हमे यह पढ़ने को मिलता है कि गुरु का स्थान सबसे ऊपर होता है लेकिन उसमे यह नहीं बताया जाता है कि वह कौन सा गुरु है जिसका स्थान सर्वोपरि होता है? बेशक!! वह प्रथम गुरु माता ही होती है। लेकिन हम ज्ञान के अभाव में अपने धर्म ग्रंथों में लिखी गई पंक्तियों की सूक्ष्म व्याख्या नहीं कर पाते हैं।अगर माता न होती तो गुरु का शिष्य कहां से आता? वह किसकी बताता कि गोविंद, ईश्वर कौन है? जब जननी ने शिशु को जन्म दिया, पिता ने उसकी परवरिश करने में मदद की तब गुरु को एक शिष्य मिला।बेशक! एक बालक को आदर्शवादी बालक बनाने में गुरु का बहुत बहुत बड़ा योगदान होता है हम इससे पूरी तरह से सहमत हैं।चौथे स्थान पर हम ईश्वर को रखते हैं क्योंकि हमारे अच्छे बुरे कर्मों का लेखा जोखा वही रखता है। अंतिम निर्णय उसी का होता है। उसकी इजाजत के बिना पेड़ का एक पत्ता भी नहीं हिलता है। वह जब चाहें माता, पिता, गुरु और शिष्य को अपने पास बुला सकता है। हमारे माता-पिता जन्म दिए है और हमारे पालन पोषण सब क्या है हमारे जिंदगी माता पिता के ही दिए हुए हैं इसलिए सबसे महत्वपूर्ण बातें है की माता पिता ही ईश्वर हमारे है उन्हीं से सोच समझ और दुनिया देखने को मिलते हैं इसलिए प्रथम गुरु माता एवं पिता और गुरु ईश्वर का रूप होता है इसलिए माता-पिता भगवान से भी बढ़कर होते हैं और भगवान कहलाते हैं।




साथियों बात अगर हम ईश्वर अल्लाह से माता-पिता का स्थान ऊंचा होने की करें तो, दुनियां में भगवान व गुरु का स्थान ऊपर है, मगर सबसे ऊपर है माता-पिता का स्थान। उसमें भी मां सर्वोपरि है। वेद ग्रंथों में उल्लिखित के अलावा तमाम उदाहरण हैं, जो मां को सबसे बड़ा बताते हैं। गणेश चरित्र का वर्णन करते हुए कहा गयाहै कि भगवान कार्तिकेय पृथ्वी की परिक्रमा करने चले जाते हैं। लेकिन गणेश जी माता पिता की परिक्रमा करते हैं। परिणाम गणेश जी विजयी होते हैं।यानें माता पिता का स्थान सर्वोपरि है। शास्त्र की व्याख्या कर कहते हैं कि शास्त्र कहता है कि सबसे बड़ा भगवान, उससे बड़ा गुरु, गुरु से बड़ा पिता तथा पिता से भी बड़ा है मां का स्थान है।रामायण के अध्याय का वर्णन करते कहा गया है कि भगवान श्रीराम सुबह उठकर पहले माता पिता फिर गुरु को माथा नवाते हैं।यानें माता पिता का स्थान सर्वोपरि है।

साथियों बात अगर हम आज की नई पीढ़ी की करें तो आज की औलाद अपने माता पिता से अधिक महत्व अपने श्रद्धेय बाबा, गुरु, आचार्य को दे रहे हैं, अपने घर से अधिक आध्यात्मिक स्थल पर सेवा को अधिक महत्व दे रहे हैं,अपने घर परिवार माता-पिता को तरसाकर अपने आध्यात्मिकता पर अधिक व्यय कर रहे हैं और बड़े रौब से कहते हैं, मैं फ्लाने आध्यात्मिक स्थल का संस्थापक सेवादार, भगवान ईश्वर अल्लाह का भगत हूं बंदा हूं। परंतु मेरा मानना है, ये कैसी आध्यात्मिक सेवा है? जो माता-पिता को बोझ और अनावश्यक श्रेणी में रखकर उनपर शाब्दिक कटु बाण चलाकर अपने आचार्य के सामने, अपने आध्यात्मिक स्थल पर तन-मन-धन से सेवा करते हैं। मेरा मानना है या तो पाप से भी बड़ा पाप है। इसलिए आज जरूरत है,हमारे श्रद्धेय आध्यात्मिक बाबाओं द्वारा अपने प्रवचनों में माता-पिता की सेवा सर्वश्रेष्ठ पर, बल देना समय की मांग है। हम पत्थर पूजते है, मंदिर जाते है, पूजा पाठ करवाते है, और वो सारी चीजे करते है जिससे हमें लगता है कि हमारा जीवन धन्य हो जाएगा लेकिन क्या हम जानते है कि ईश्वर अल्लाह हमारे पास हमेशा माता पिता के स्वरूप में होता है, बस जरूरत है उन्हें पहचाननें की। अपनी खुशियों का गला घोटकर हमारी सारी ख्वाहिश पुरी करने वाले माता पिता ही थे, जिन्होंने हमें इस समाज में जीने का अधिकार दिलाया। जब वे हमारे लिए इतना कुछ कर सकते है। तो क्या हम नही?,मेरा तो ये मानना है, माता-पिता के जीते जी उन्हें सारे सुख देना ही वास्तविक श्राद्ध है! आओ माँ बाप का सम्मान करें और उन्हें जीते जी खुश रखे।

### श्रद्धेय गुरुवारों द्वारा अपनें शिष्यों को अपने माता-पिता की आज्ञा, भाणे में रहने का मार्गदर्शन देना समय की मांग

साथियों बात अगर हम माता पिता ही ईश्वर अल्लाह के तुल्य होने की करें तो, पदम पुराण में कहा गया है कि पिता धर्म है, पिता स्वर्ग है और पिता ही सबसे श्रेष्ठ तपस्या है। पिता के प्रसन्न हो जाने पर सम्पूर्ण देवता प्रसन्न हो जाते हैं। जिसकी सेवा और सद्गुणों से माता-पिता संतुष्ट रहते हैं, उस संतान को प्रतिदिन गंगा-स्नान का फल मिलता है। माता सर्वतीर्थमयी है और पिता सम्पूर्ण देवताओं का स्वरूप है। इसलिए सभी प्रकार से माता-पिता का पूजन अर्थात उनकी सेवा करनी चाहिए।वेद शास्त्रोंके अनुसार माता पिता भगवान के तुलाया है उनका सेवा करने का मतलब है ईश्वर अल्लाह की इबादत करना पूजा करना इसी लिए मेरे मत अनुसार माता पिता के सेवा से बढ़ाकर कोई भी पूजा शायद ही हो सकती है।

साथियों बात अगर हम भक्ति साधना की करें तो,ऐसे नकली गुरुओं से बचकर रहें जो कि हमको कहे कि माता पिता को छोड़ दो और हमारी शरण में आजाओ।भक्ति साधना करने के लिए माता पिता को छोड़कर जाने की कोई जरूरत नहीं होती। साथ रहकर भी साधना की जा सकती है।हम भी तो गुरु पूजन, धूना पूजन, ईष्ट पूजन करते ही हैं। हम तो अपने माता पिता को अकेला छोड़कर कहीं नहीं गए।हां ये अवश्य है कि हमको अपनी साधना के लिए आसपास के एरिए में घर छोड़कर कुछ समय के लिए जाना जरूर पड़ता है, क्योंकि साधनाएं घर के अंदर, कमरे में बैठकर नहीं की जाती। क्या कारण है कि माता-पिता हमारे पहले गुरु की श्रेणी में आते हैं?माता पिता इसलिए पहली श्रेणी में आते हैं क्योंकि गुरु ज्ञान देता है। और ज्ञान से हम जीवन मे आगे बढ़ते हैं। ये ज्ञान हमे पहले माँ से मिलता हैं जब हम माँ के पेट में होते हैं तभी से ये ज्ञान देने की शुरवात होती हैं। उस वक्त माँ अच्छि किताबे पद्धति हैं । संगीत सुनती हैं। रोज टहलने जाती हैं ताकि हम स्वस्थ रहे। जब बाहर आते हैं तो ओ ही पूरी देखभाल करती हैं। अच्छा खाना देती हैं।तबएक डॉक्टर की तरह हमारी देखभाल करती हैं। सब टाइम पे। हमे चलना सिखाना। बोलना सीखाना इसमें माँ बाप का पहला लेसन होता हैं। हम बार बार चलते वक्त गिरते हैं तो वही सम्भलते भी हैं। बोलते वक्त कैसे शब्द उच्चारण करना ये सबसे पहले वही सिखाते हैं। अच्छा साफसुतरा रखते हैं। अच्छा रहने की सीख वही देते हैं। स्कूल में तो हम बादमे ये सब पढ़ते है लेकिन पहली सीख माँ बाप से ही मिलती हैं। और उनकी ये सीख बस यही तक खत्म नही होती । जीवन के हर रास्तो पे उनके अनुभव हमे हर मुश्किल का सामना करने की सिख देते है। जिंदगी जीने की सीख देते हैं।हर मुश्किल से बचाते है। जीवन की हर सिख किताबो से नही मिलती। इसलिए माँ बाप प्रथम श्रेणी में आते है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि माता गुरुतरा भूमेःपिता चोच्चत्रं च खात।भावार्थ-माता पृथ्वी से भारी है।पिता आकाश से भी ऊँचा है।गुरुवर की आज्ञा पर सर्वस्व निशौवर करने वालों द्वारा अपने माता-पिता की अवज्ञा क्यों?श्रद्धेय गुरुवारों द्वारा अपनें शिष्यों को अपने माता-पिता की आज्ञा भाणे में रहने का मार्गदर्शन देना समय की मांग है।

# चुनावी दौर में मस्क की यात्रा के यक्ष प्रश्न

**पुष्परंजन**

वर्ष 1995 में धातु विज्ञान स्नातक वांग चुआनफू ने 'बीवाईडी' की स्थापना की, एक छोटी चीनी कंपनी, जो जापानी प्रतिस्पर्धियों की तुलना में अधिक सस्ते में रिचार्जेबल निकल-कैडमियम बैटरी वाली कार बनाने पर केंद्रित थी। लगभग 30 साल बाद, शिएन-शान्शी और शेन्जेन स्थित कंपनी 'बीवाईडी' इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की दुनिया की अग्रणी निर्माता बन गई है। टेस्ला की स्थापना 2003 में हुई थी। एलोन मस्क ने टेस्ला, स्पेस एक्स, न्यूरालिंक और द बोरिंग जैसी कंपनियों की स्थापना की। वर्ष 2023 की आखिरी तिमाही में चीनी कंपनी 'बीवाईडी' ने प्योर-प्ले इलेक्ट्रिक कारों की वैश्विक बिक्री में अमेरिकी दिग्गज टेस्ला (टीएसएलए) को भी पीछे छोड़ दिया था। दोनों कंपनियों में रेस अब भी चल रही है। टेस्ला ने 2024 की पहली तिमाही में अपना ताज फिर से हासिल कर लिया है। टेस्ला के सीईओ एलोन मस्क पीएम मोदी से मिलने दिल्ली आ रहे हैं। आम चुनाव के समय मस्क का मोदी से मिलना मानीखेज है।

जून, 2010 में सूचीबद्ध होने पर टेस्ला स्टॉक की कीमत 17 डॉलर प्रति शेयर थी। अब टेस्ला के शेयर 166 डॉलर पार कर चुके हैं। आज की तारीख में टेस्ला 560 अरब डॉलर के मार्केट कैपिटलाइजेशन के साथ दुनिया की दिग्गज कार कंपनियों में से एक बन चुकी है। लंदन की डेटा और एनालिटिक्स कंपनी 'ग्लोबलडेटा' के बिजनेस फंडामेंटल विश्लेषक मूर्ति गांधी के अनुसार, 'जहां तक बीवाईडी का सवाल है, इसकी 81 बिलियन डॉलर की मार्केट कैप इसे दुनिया के शीर्ष 10 वाहन निर्माताओं में से एक बनाती है। फिर भी, यह टेस्ला और टोयोटा (टीएम) और स्टेलेंटिस (एसटीएलए) जैसे अन्य कार निर्माताओं से काफी पीछे है, जो फ्रेंच पीएसए ग्रुप और फिएट क्रिसलर ऑटोमोबाइल्स के 2021 विलय से बना समूह है। यह समूह 14 ब्रांडों के तहत कारें बेचता है, जिनमें क्रिसलर, सिट्रोएन, जीप, मासेराती और प्यूजो शामिल हैं।' 2023 में, टेस्ला ने बीवाईडी की तुलना में लगभग 230,000 अधिक कारें बेचीं। फिर भी बीवाईडी की प्रतिस्पर्धी कीमत ने टेस्ला की महंगी कारों की लकीर छोटी कर रखी है।

बीवाईडी ने रणनीति बदली है। 4 मार्च, 2024 को अपने सबसे पॉपुलर मॉडलों में से एक, 'युआन प्लस क्रॉसओवर' का एक नया संस्करण लॉन्च किया, जिसे चीन के बाहर 'एट्टो 3' के नाम से जाना जाता है, उसकी कीमत 11 प्रतिशत घटाकर 119,800 युआन कर दी। बीवाईडी ने अपनी सबसे किफायती कार, 'सीगल' को भी 5 प्रतिशत सस्ता किया। हालांकि टेस्ला ने भी पिछले साल चीन में कुछ मॉडलों की कीमतों में कटौती की थी, लेकिन वो बीवाईडी से सस्ती कारें नहीं बेच पाई।

यूके स्थित कंसल्टेंसी फर्म 'रो मोशन' के अनुसार, 'अमेरिका के बाद चीन, टेस्ला का सबसे बड़ा बाजार है। एलोन मस्क की कंपनी टेस्ला ने 2019 में अपने शंघाई गीगाफैक्टरी में उत्पादन शुरू किया, जहां से 947,000 कारों की डिलीवरी की। बीवाईडी अमेरिका में अपनी कारें नहीं बेचता है, हालांकि कैलिफोर्निया में बीवाईडी ने बस बनाने की फैक्टरी लगा रखी है। टेस्ला और बीवाईडी दोनों अपने घरेलू बाजारों में विस्तार कर रहे हैं, साथ ही विदेशों में कारखाने लगा रहे हैं।

वर्ष 2023 में दुनियाभर में कुल 13.6 मिलियन ईवी (बीईवी और हाइब्रिड सहित) बेचे गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। बीवाईडी ने 2023 में वैश्विक स्तर पर हाइब्रिड सहित लगभग 3 मिलियन इलेक्ट्रिक कारें बेचीं। अमेरिका और कनाडा ने टेस्ला के लगभग सात लाख वाहन खरीदे, जबकि उसके छह लाख वाहन चीन में बेचे गए। यूरोपीय देशों में टेस्ला की बिक्री में लगभग चार लाख वाहन शामिल थे। बावजूद इसके, इस साल टेस्ला के शेयर 29 प्रतिशत नीचे हैं, जबकि बीवाईडी स्टॉक लगभग 6 फीसद डाउन है।

वर्ष 2023 में भारत में कुल कार बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी सिर्फ 2 प्रतिशत थी। मोदी सरकार 2030 तक 30 प्रतिशत ईवी की हिस्सेदारी का लक्ष्य रख रही है। टेस्ला ने इस साल के अंत में भारत में निर्यात के लिए अपने जर्मन प्लांट में राइट-हैंड ड्राइव कारों का उत्पादन भी शुरू कर दिया है। लेकिन टेस्ला का लक्ष्य है कि उसे भारत में कार फैक्टरी लगानी है, दो अरब डॉलर का निवेश भी करना है। रोजगार मिलते हैं, तो निश्चित रूप से श्रेय मोदी सरकार को जायेगा। मस्क ने इस सप्ताह एक्स पर कहा था, 'भारत में इलेक्ट्रिक कारें होनी चाहिए, उतनी ही जितनी कि हर दूसरे देश में इलेक्ट्रिक कारें हैं।'

लेकिन कहानी एक कार कंपनी के विस्तार तक सीमित नहीं है। एलोन मस्क 'न्यूरालिंक' के सीईओ भी हैं, जो मानव मस्तिष्क को कंप्यूटर से जोड़ने के लिए अल्ट्रा-हाई बैंडविड्थ ब्रेन-मशीन इंटरफेस विकसित कर रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी यह तकनीक चुनाव में किसी भी खेल को आगे बढ़ाने में सक्षम है। यूरोपीय संघ ने एलोन मस्क के इरादों को भांपकर ही उससे दूरी बनानी शुरू कर दी थी।

यूरोपीय संघ एलोन मस्क के स्टारलिंक उपग्रह प्रणाली के वर्चस्व पर अंकुश लगाना चाहता है। चुनांचे, यूरोपीय संघ 'आईआरआईएस' नामक संचार उपग्रहों के एक नए समूह के निर्माण और संचालन के लिए अरबों यूरो के अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में है। एलोन मस्क यूरोपीय संघ की नजर में अविश्वसनीय और विवादित शख्सियत हैं। ईयू ने स्पष्ट किया कि एक्स के माध्यम से एलोन मस्क ने गलत-सलत खबरें प्लांट कर, यूरोपीय देशों में चुनावों को प्रभावित करने की चेष्टा की थी। ब्राजील में भी कुछ ऐसा ही खेल एलोन मस्क कर चुके हैं। 1 जून, 2023 को, सेंटर फॉर काउंटरिंग डिजिटल हेट (सीसीडीएच) ने बताया कि एक्स, जिसे पहले ट्विटर नाम दिया गया था, ग्राहकों द्वारा पोस्ट की गई 99 प्रतिशत नफरत वाले संदेशों के विरुद्ध कार्रवाई में विफल रहा है।



7 अप्रैल, 2024 को ब्राजील की सुप्रीम कोर्ट ने एक्स पर फर्जी सूचनाएं प्लांट करने के आरोप में एलोन मस्क को लपेटा है। जस्टिस अलेक्जेंड्रे जे मोरेस ने एक्स के बहुतेरे पॉपुलर अकाउंट्स को बंद करने के आदेश दिए। लेकिन एलोन मस्क ने स्वयं को ब्राजील की सुप्रीम कोर्ट से बड़ा समझने की ताव में ताबड़तोड़ पोस्ट एक्स पर डाले- 'इस न्यायाधीश ने ब्राजील के संविधान और लोगों के साथ निर्लज्जतापूर्वक और बार-बार विश्वासघात किया है। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए, या उन पर महाभियोग चलाया जाना चाहिए. शर्म करो /अलेक्जेंड्रे, शर्म करो।'

सवाल यह है, एलोन मस्क चुनावी माहौल में भारत क्यों आ रहे हैं? एक्स की जो भूमिका यूरोपीय देशों और ब्राजील में रही, उस पर सवाल उठे हैं। क्या टेस्ला के कारोबार में लाभ के लिए सत्ताधीशों को एक्स के जरिये मदद होती है। ऐसे अनेक यक्ष प्रश्न हैं।

एक नजर..

## एसबीआई का एटीएम खराब होने से, उपभोक्ता में आक्रोश




मनोज कांबोज/युरेशिया

बिहारीगढ़। कस्बे की बुग्गावाला रोड पर एसबीआई की ब्रांच में एटीएम लगा हुआ है जो पिछले कई महीने से खराब पड़ा हुआ है। विभागीय अधिकारी कुंभकर्णी नींद सोए हुए हैं और इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। उपभोक्ताओं ने इस समस्या से बैंक कर्मचारियों को काफी बार अवगत कर चुके हैं लेकिन समस्या समस्या का समाधान नहीं हो पाया एटीएम मशीन खराब होने के कारण उपभोक्ताओं को पैसा निकालने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में बात करने पर बैंक प्रबंधक ने बताया कि उपभोक्ताओं की समस्या को देखते हुए एटीएम मशीन खराब होने की लिखित सूचना उच्च अधिकारियों के संज्ञान में दे दी गई है। एटीएम में अति शीघ्र नई मशीन लगाकर उपभोक्ताओं की समस्या का निराकरण कर दिया जाएगा।

## अष्टमी पर श्रद्धालुओं ने किया कंजक पूजन

अश्वनी कुमार/युरेशिया

नानौता। चौत्र नवरात्र की अष्टमी पर श्रद्धालुओं द्वारा कंजक पूजन किया गया। मंगलवार को श्रद्धालुओं ने मंदिरों में सुबह पहले मां दुर्गा की आराधना कर विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया। इसके बाद अपने घरों में कंजकों को बुलाकर भोजन करवाया। इससे पहले सभी कंजकों के जल से पैर धोकर उनके माथे पर तिलक किया। बाद में सभी कंजकों को हलवा, पूरी का भोजन करवाकर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद सभी कंजकों को उपहार दिया गया। नवरात्र पर पूजन के बाद व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने व्रत खोला। अष्टमी पर लोगों को अपने घरों पर कंजक बैठाने के लिए सुबह से तैयारियां करनी पड़ी। फिर लोगों ने कंजकों के घर आने पर उनके पैर धोए, तिलक लगाकर, हाथों में मोली बांधकर हलवे पूरी का प्रसाद खिलाया। जिसके चलते दोपहर तक कंजकों को भोजन खिलाने का सिलसिला चलता रहा।

## दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहा है युवक गिरफ्तार




सुनील सैनी/ युरेशिया

छुटमलपुर। थाना मिर्जापुर पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस द्वारा संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

मिर्जापुर पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट में बताया गया कि युवती को बहला फुसला कर ले जाने एवं दुष्कर्म के मामले में सादिक पुत्र आकिब निवासी घाना खंडी कोतवाली देहात सहारनपुर वांछित चल रहा था। मंगलवार को मिर्जापुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सादिक को गोल्डन पैलेस, विकासनगर रोड, मिर्जापुर से गिरफ्तार कर लिया। जबकि अपहर्ता को पहले ही बरामद किया जा चुका है। पुलिस द्वारा संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# अष्टमी पर्व पर मां शाकंभरी के जयकारों से गूंजी शिवालिक घाटी

### माता के दर्शनों को तपती धूप के बीच घंटों लाइनों में लगे रहे श्रद्धालु
### कन्याओं को भोजन कराकर श्रद्धालुओं ने खोले अपने व्रत, मांगी मनोकामनाएं



भवानी सैनी/ युरेशिया


बेहट (सहारनपुर) चौत्र मास की अष्टमी पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। इस मौके पर सिद्धपीठ श्री शाकंभरी देवी मंदिर पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। तपती धूप के बीच घंटों लाइनों में लगकर श्रद्धालुओं ने मां शाकभरी देवी के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया और अपने व्रत खोलें। मेला परिक्षेत्र में श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भी भोजन कराया और दक्षिणा प्रदान की। इस दौरान श्रद्धालुओ द्वारा लगाए गए जयकारों से समुचित शिवालिक घाटी गुंजायमान रही।

मंगलवार को अष्टमी पर्व के मौके पर शिवालिक पहाड़ियों के बीच स्थित सिद्ध पीठ श्री शाकंभरी देवी मंदिर श्रद्धा से सराबोर रहा। सप्तमी पर्व की देर सांय से ही सिद्ध पीठ पर श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था जो अष्टमी पर्व तक जारी रहा। तपती धूप के बीच घंटों लाइनों में लगकर श्रद्धालुओं ने मां शाकंभरी के दर्शन किए और प्रसाद चढ़ा कर मनोकामनाएं मांगी। माता के दर्शनों को लगी श्रद्धालुओं की लाइन श्री शंकराचार्य आश्रम तक पहुंच गई थी। लाइनों में लगे श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए मां भगवती के जयकारों से समूचा माहौल भक्तिमय बना रहा। माता के दर्शनों के उपरांत श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा अर्चना कर मां शक्ति रूपा कन्याओं को भोजन कराया और उन्हें दक्षिणा भी भेंट की। इसके बाद में विधिवत रूप से भक्तों द्वारा अपने व्रत खोले गए। कुछ श्रद्धालु तो लेट लेट कर माता के दरबार पहुंच रहे हैं जिन्हें देखकर हर कोई कह रहा है कि वास्तव में भक्ति में शक्ति होती है।

मंदिर व्यवस्थापक राणा आतुल्य प्रताप सिंह द्वारा श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सीसी टीवी, पेयजल, शौचालय बेरी केटिंग, आदि सभी व्यवस्थाएं मजबूत रूप से की गई है। नवरात्र मेला चतुर्दशी तक आयोजित किया जाएगा जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंचने का अनुमान है। उधर कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र में भी अष्टमी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

### ट्रस्ट के सदस्यों ने पुलिस को तहरीर देकर लगाई तलाश करने की गुहार



भवानी सैनी/ युरेशिया

बेहट (सहारनपुर) क्षेत्र के गांव फ्तेहउल्लापुर उर्फ जाटोवाला में स्थित श्री शिव शक्ति जनकल्याण मन्दिर ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए हैं। ट्रस्ट के सदस्यों ने थाना मिर्जापुर मे तहरीर देकर उनकी बरामदगी की गुहार लगाई है।

पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में ग्राम फ्तेहउल्लापुर उर्फजाटोवाला मे स्थित शिव शक्ति जनकल्याण मन्दिर ट्रस्ट के सदस्य मोहन पुत्र ओम दत्त, अजय शर्मा, इसम् पाल, केशव राम सतीश कुमार नरेश कुमार कटार सिंह आदि ने बताया कि ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष रामचन्द्र निखिल 29 मार्च को अनिल धीमान पुत्र सियाराम निवासी जाटोवाला हाल निवासी हरबर्टपुर, विकासनगर के साथ गए थे। जो आज तक भी वापस नहीं लौटे हैं। जब ट्रस्ट के सदस्यों ने अनिल धीमान से उनके बारे में जानकारी की तो उसका कहना था कि वह उनके पास से चले गए थे अब उसे उनकी कोई जानकारी नहीं है। ट्रस्ट के सदस्यों ने भी उनकी काफी तलाश की लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका। ट्रस्ट के सदस्यों ने पुलिस से मामले की जांच कर लापता हुए ट्रस्ट अध्यक्ष की बरामदगी की गुहार लगाई है।

# भाकियू वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की प्रेस वार्ता

### भाजपा जुमलेबाजो की सरकार, गठबंधन प्रत्याशी को समर्थन



मोमीन अली/युरेशिया

नागल। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान से पहले भाकियू वर्मा तथा पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने मंगलवार को ब्लॉक चौराहे स्थित एक संस्थान पर प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि वर्तमान नरेंद्र मोदी की सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का झूठा वादा करके उनका शोषण कर रही है। सरकार ने स्वामीनाथन की किसान हितेषी रिपोर्ट को लागू करने का वादा किया था लेकिन उसे रिपोर्ट को आज तक भी लागू नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान देश में किसानों को उनकी फसलों का वाजिब दाम भी नहीं मिल रहा है जिस कारण किसानों की स्थिति दिन प्रतिदिन अति दयनीय होती जा रही है और वह आत्महत्या करने को मजबूर हो रहा है। उन्होंने बताया कि एक सर्वे के अनुसार 2014 में भाजपा सरकार से पहले देश पर 55 लाख करोड रुपये का कर्ज था जो आज बढ़कर चार गुना हो गया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेश से काला धन लाने का वादा किया था लेकिन सबसे ज्यादा काला धन विदेशी बैंकों में भाजपा सरकार के समय जमा हुआ है मोदी सरकार सरकारी जांच एजेंसी का दुरुपयोग करके विपक्षी नेताओं पर झूठे मुकदमे लिखवा कर उन्हें जेल भेजने का काम कर रही है यदि सबसे ज्यादा लूट मचाई तथा भ्रष्टाचारियों हुई है तो वह भाजपा की सरकार में हुई है। उन्होंने कहा कि दो माह से अपनी समस्याओं की मांगों को लेकर किसान दिल्ली की सीमाओं पर पड़े हैं लेकिन तानाशाह सरकार कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। देश की भाजपा सरकार को उद्योगपतियों का एक समूह चल रहा है यदि देश के संविधान तथा देश को बचाना है तो चुनाव में भाजपा सरकार को रोकना होगा और गठबंधन कांग्रेस की सरकार को देश में लाना होगा इसलिए उन्होंने कहा कि हमारा संगठन गठबंधन के साथ खड़ा है। प्रेस वार्ता में पश्चिम प्रदेश सचिव संदीप कुमार, सुखविंदर सिंह, सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।

## नासिरपुर डिगोली के ग्रामीणों ने की चुनाव बहिष्कार की घोषणा




मोमीन अली/युरेशिया

नागल। मंगलवार को नासिरपुर डिगोली के ग्रामीणों ने गांव में शमशान घाट व सडक बनवाए जाने की मांग को जोरदार प्रदर्शन करते हुए चुनाव बहिष्कार की घोषणा की।

ग्रामीण संजय त्यागी, प्रवीण त्यागी, श्रीराम शर्मा, कुलदीप त्यागी, अमित त्यागी, शहजाद, शरीफअहमद आदि का कहना है कि गांव में श्मशान घाट जीर्ण-शीर्ण हालत में है, जिस कारण बीते करीब 50 वर्षों से किसान राजीव त्यागी के खाली पड़े एक खेत में शवों का दाह संस्कार कर रहे हैं। कुछ दिनों से राजीव त्यागी के खेत से मिट्टी उठान का कार्य चल रहा है, जिस कारण अब शवों के अंतिम संस्कार की परेशानी खडी हो गई है। नागल से गांव का मार्ग बीते दस वर्षों से खराब है, जिसकी आज तक मरम्मत भी नहीं की गई। इसके अलावा गांव में कई माह पूर्व अनियमितताओं के चलते उचित दर की दुकान को निरस्त कर दिया गया था, जिसे आज तक किसी अन्य को आवंटित नहीं किया गया, ग्रामीणों को राशन लेने के लिए तीन किलोमीटर दूर एक गांव में जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने समस्याओं का समाधान न होने के कारण मंगलवार सुबह प्रदर्शन करते हुए लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की घोषणा कर दी। इस दौरान नरेंद्र शर्मा, संजू शर्मा, पंकज त्यागी, राम सिंह, भूपेंद्र त्यागी, यशवीर त्यागी, रमाकांत त्यागी, मनोज त्यागी, आशीष, योगेश शर्मा, काका त्यागी, सुरेंद्र, रिजवान, अजय त्यागी, इमरान आदि रहे।

## अंबेडकर जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा





मोमीन अली/युरेशिया

नागल। अंबेडकर जयंती पर बढेडी कोली में हवन यज्ञ के पश्चात शोभायात्रा निकाली गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बिरम सिंह ने शोभायात्रा का उद्घाटन करते हुए लोगों से डॉ भीमराव अंबेडकर के बताए रास्ते पर चलने की अपील की। शोभायात्रा मुख्य बाजार से ब्लाक चौराहा होते हुए पंचायत भवन पर जाकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में लेखराम प्रधान, सोनू, नरेश अमीन, मा. ललित कुमार, आशीष, पिंटू, दीपक चोपड़ा, सोनू, आशीष, अर्जुन, सचिन कुमार, अंकित, विशाल करनवाल, मांगेराम, हरिकांत, विकास कुमार, आशीष कुमार, हरवीर, अमित राघव, सचिन कुमार, ओमप्रकाश, अंकित चोपड़ा, अश्विनी चोपड़ा, अजय करनवाल, संजय भाटिया, विनोद भाटिया, करण सिंह करनवाल, रमेश मिस्त्री, लेखराम आदि रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर में निकाला रोड शो

### रोड शो के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में दिखा भारी उत्साह



शक्ति चौधरी/युरेशिया

सरसावा। नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा एवं आरएलडी के संयुक्त प्रत्याशी सांसद प्रदीप चौधरी के पक्ष में रोड शो कर नगर के लोगों से भाजपा के पक्ष में वोट की अपील की मंगलवार को कैराना लोकसभा के नकुड़ विधानसभा के मुख्य चुनावी कार्यालय से भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा एवं आरएलडी के संयुक्त प्रत्याशी सांसद प्रदीप चौधरी के पक्ष में रोड शो कर नगर व देहात के लोगों से वोट की अपील की। भाजपा का रोड शो कार्यालय से शुरू होकर अंबाला रोड से नकुड़ रोड, मैन बाजार से होते हुए मुख्य चुनावी कार्यालय पर संपन्न हुआ। रोड शो में भारी संख्या में उमड़ी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नगर के लोग भी जुड़ते चले गए। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता अबकी बार 400 पार व भारत माता की जय के उद्घोष लगा रहे थे।

## दैनिक युरेशिया टीम सहारनपुर मण्डल

सूचना, समाचार, विज्ञापन आदि के लिए संपर्क करे।

मोनु कश्यप
जिला प्रभारी
मो0 8630402509
प्रदीप धीमान
मण्डल प्रभारी
मो0 9045220410
अरविंद चौहान
गंगोह प्रभारी
मो0 9759693305
मणिकांत वत्स
स0पुर
मो0 9759178755
मोनीन
नागल प्रभारी
मो0 9639221277
अश्वनी धीमान
नानौता प्रभारी
मो0 9720509609
नाथीराम सहल
चिलकाना प्रभारी
मो0 6397074075
विकास शर्मा
तहसील नकुड़ प्रभारी
मो0 6396576517
शक्ति चौधरी सरसावा प्रभारी
मो0 97197 77268
मनोज कंबोज
बिहारीगढ़ प्रभारी
मो0 96751 96324






## एक नजर..

## सुन लो ऐ मेरठ वालों, 26 को है मतदान, भूल ना जाना - शाहिद रजा



अमीरुद्दीन सैफी/ युरेशिया

मेरठ। स्वीप लोकगीत कार्यक्रम मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत शाहिद रजा श्रावस्ती अपने कलाकारों के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर 19 व 26 अप्रैल 2024 मतदान के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे है। मंगलवार को उन्होंने मनोहरनाथ मन्दिर, विक्टोरिया पार्क, आबू लेन नाला, बलवंत नगर, जज कालोनी, वैशाली कालोनी, शास्त्रीनगर गोल मन्दिर के आस पास जमकर स्वीप का प्रचार प्रसार किया, सुन लो ऐ मेरठ वालों, सुन लो ऐ वोटर वालों, 26 को है मतदान, भूल ना जाना इंसान, लोकगीत गाकर जनता को जागरूक किया।

## 19 व 26 अप्रैल को जनपद में मतदान होने के दृष्टिगत रहेगा सार्वजनिक अवकाश - जिलाधिकारी दीपक मीणा

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन अनुभाग की विज्ञप्ति संख्या तीन-2024-39 (1)/2002 दिनांक 2-4-2024 के अनुपालन में जनपद मेरठ में प्रथम चरण का मतदान दिनांक 19-4-2024 तथा द्वितीय चरण का मतदान दिनांक 26-4-2024 को होने के दृष्टिगत दोनो मतदान दिवस का निगोशियेबल इन्स्ट्रूमेन्ट एक्ट 1881 (1881 की एक्ट संख्या 26) की धारा 25 के अन्तर्गत अवकाश घोषित किया जाता है।

## मुजफ्फरनगर लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी सुनील त्यागी ने कौल ग्राम में की बैठक



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। मुजफ्फरनगर लोकसभा से चुनाव लड़ रहे निर्दलीय प्रत्याशी सुनील त्यागी लगातार जनसंपर्क कर सर्व समाज के लोगों से अपने पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील कर रहे हैं। जिनका दावा है कि उन्हें इस चुनाव में सर्व समाज सहित त्यागी समाज का भरपूर समर्थन मिल रहा है। सूत्रों की माने तो सुनील त्यागी ने 2024 के इस लोकसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनावी मैदान में उतरकर मुकाबला रोचक बना दिया है। जिसके चलते अन्य पार्टियों के खेमे में हलचल है, मंगलवार को सुनील त्यागी नगर मवाना के कौल ग्राम में कालिदास त्यागी के आवास पर पहुंचे और त्यागी समाज के लोगों के संग बैठक कर अपने पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का आवाहन किया। इस दौरान वहां मौजूद रहे त्यागी समाज सहित अन्य समाज के लोगों ने उन्हें भरपूर सहयोग करने का आश्वासन दिया। वहीं त्यागी समाज के लोगों ने कहा कि जीत हार बाद की बात है, लेकिन इस बार मुजफ्फरनगर लोकसभा चुनाव में त्यागी समाज पूर्ण रूप से निर्दलीय प्रत्याशी सुनील त्यागी के साथ है। इस दौरान धर्मवीर त्यागी, प्रदीप त्यागी, सुमन त्यागी, आदि काफी संख्या में त्यागी समाज सहित सर्व समाज के लोग मौजूद रहे।

## दुकानदार के साथ मारपीट

युरेशिया संवाददाता

थाना सरधना क्षेत्र के गांव दबथुवा निवासी उदयवीर पुत्र विरेन्द्र कुमार ने बताया कि उसकी गांव में ही हाइवे पर कन्फैशनरी की दुकान है। गांव के ही कुछ लोग उसके परिवार से मुकदमे बाजी के कारण भारी रंजिश मानते हैं। रविवार की शाम लगभग 7 बजे उसकी दुकान पर लाला रंग की ब्रेजा कार में कुछ लोग सवार होकर आये तथा कार से उतर कर हाथो में तमंचे लहराते हुए उस के साथ गाली गलौच व मारपीट की शोर शराबा सुनकर बहुत से ग्रामीण इकठ्ठा हो गये जिन्हे देखकर विपक्षीगण मौके से भाग गये। जाते समय जान से मारने की धमकी देकर गए। इस घटना के बाद उसका परिवार अत्यधिक भयभीत है। पीड़ित सरधना थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफकार्रवाई की मांग के साथ सुरक्षा की गुहार लगायी है। पुलिस ने मामले की जाँच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## मामूली बात पर दो पक्षों में मारपीट कई घायल

युरेशिया संवाददाता

सरधना। मामूली बात पर दो पक्षों में जानकर हुई मारपीट कई घायल पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल भेजा पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग। नगर के मोहल्ला आजाद नगर की रहने वाली हसीना पत्नी राजू ने बताया कि मोहल्ले में ही उसके पुत्र दानिश की दुकान है। दूकान के बाहर मोहल्ले के ही राजू पुत्र सलमूददीन, शाहरूख, फरमान, बिलाल, सलमान, समीर व अरमान पुत्रगण राजू आसिफपुत्र अनवर के साथ गाली-गलौच करते हुए उसे बुरी तरह पीट रहे थे,

इसी बीच फरमान ने उस के पुत्र की दुकान में से कांच की बोतल निकालकर आसिफके सिर में मार दी, जिससे आसिफलहुलुहान हो गया, जब उस के पुत्र ने ऐसा करने से मना किया तो हमलावर गुस्से से आग बबूला हो गये। उसके पुत्र के साथ भी मारपीट शुरू कर दी तथा दुकान में रखे गल्ले में से दुकानदारी के करीब 2500 रूपये व कमेटी के 20 हजार रूपये लूट लिये, अधिक शौर शराबा होने पर वह भी मौके पर पहुँच गयी तो उक्त विपक्षीगण ने मेरे साथ भी गाली-गलौच करते हुए मारपीट की तथा उक्त विपक्षीगण ने जबरदस्ती मेरे कानो की बाली निकाल ली, शौर शराबे की आवाज सुनकर आस- पास के लोगो को आता देख विपक्षीगण जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। इस संबंध में थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गयी है पुलिस ने मामले की जाँच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# समितियों से यूरिया, डीएपी गायब बाजार में चक्कर लगा रहे किसान

युरेशिया संवाददाता



(अंबेडकर नगर)। समितियों से यूरिया, डीएपी गायब है। ऐसे में खाद के लिए किसानों को इधर-उधर चक्कर लगाना पड़ रहा है। किसान निजी दुकानदारों से ऊंचे दामों पर खाद खरीदने को विवस है। समस्या को लेकर विभागीय अधिकारी भी गंभीर नहीं दिख रहे।

इस समय गन्ने की बुवाई के साथ ही मेंथा की सिंचाई चल रही है। जिसमें खाद की सख्त जरूरत है। ऐसे समय में क्षेत्र के रामपुर राम पट्टी, बरियावन, पहाड़पुर टड़वा, सिकंदरपुर, जल्लापुर मसेढ़ा, बडेपुर, आदि समितियां खाद से खाली हैं। किसान यहां प्रति दिन यूरिया व डीएपी के लिए आते हैं और मायूस होकर वापस चले जाते हैं। विवस होकर निजी दुकानदारों के यहां से ऊंचे दामों पर खाद खरीद रहे है। किसान शोभाराम ने कहा कि मेंथा की खेती में हर सिंचाई पर यूरिया की जरूरत पड़ती है। समय पर यूरिया ना मिल पाने से फसल का विकास नहीं हो पता। मनीराम ने बताया कि गन्ने की बुवाई में डीएपी की सख्त जरूरत है।

समितियों पर डीएपी की उपलब्धता न होने से निजी दुकानदारों के यहां से 1400 रुपए प्रति बोरी खाद खरीदनी पड़ रही है। ऊपर से असली की गारंटी भी नहीं रहती। किसान हमेशा ठगे जाते हैं। लेकिन किसानों की समस्या सुनने वाला कोई नहीं है। राम जगत व राम केवल ने कहा कि मेंथा की फसल में बुवाई के लिए यूरिया की सख्त जरूरत है। बरियावन समिति पर कई दिन से चक्कर लगा रहे हैं। खाद कब तक आएगी पूछने पर सचिव कोई जानकारी भी नहीं देते। मजबूर होकर बाजार से जिंक व अन्य पोषक तत्व के साथ 400 रुपए की यूरिया खरीदनी पड़ रही है। मेंथा की फसल में समय पर यूरिया का छिड़काव ना होने से उत्पादन प्रभावित होता है। ए.आर. कोऑपरेटिव विवेक सिंह ने कहा कि जल्द ही समितियों पर डीएपी व यूरिया पहुंचाई जाएगी।

# जेपी हॉस्पिटल, नोएडा ने 1000 से अधिक सफल किडनी ट्रांसप्लांट कर हासिल की एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि

### जेपी हॉस्पिटल, नोएडा की किडनी प्रत्यारोपण में बेमिसाल सफलता दर

### भारत में हर साल करीब 12000 से अधिक किडनी ट्रांसप्लांट हो रहे है और ख़राब जीवनशैली के चलते अधिकांश लोग किडनी की समस्याओं से ग्रसित हैं



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। दिल्ली-एन.सी.आर. में अग्रणी एवं उत्तर भारत में प्रमुख स्थान रखने वाले, नोएडा स्थित मल्टी सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा संस्थान जेपी हॉस्पिटल, नोएडा ने प्रत्यारोपण चिकित्सा 1000 से अधिक सफल किडनी प्रत्यारोपण कर एक गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है और खास बात यह है कि पूरे दिल्ली-एन.सी.आर. में जेपी हॉस्पिटल में अंगों का प्रत्यारोपण बहुत ही उचित कीमत पर किया जाता है।

दुनिया भर से आएं मरीजो का सफल किडनी प्रत्यारोपण कर विश्वास के साथ विदेश में भी हॉस्पिटल ने एक सम्मानजनक स्थान हासिल किया है। अपनी उपलब्धि पर पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए जेपी हॉस्पिटल के यूरोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट विभाग के डायरेक्टर एवं कोर्डिनेटर डॉ. अमित के. देवड़ा ने कहा, ष् भारत में हर साल करीब 12000 से अधिक किडनी ट्रांसप्लांट हो रहे है और ख़राब जीवनशैली के चलते अधिकांश लोग किडनी की समस्याओं से ग्रस्त है। ट्रांसप्लांट एक सफल प्रक्रिया है और ट्रांसप्लांट की मदद से मरीजों को नई जिंदगी प्रदान की जाती है लेकिन अभी भी यह देखा गया है की लोगों के बीच किडनी दान करने को लेकर जागरूकता की बहुत कमी है, जिसके चलते बहुत लोग अपनी जान दांव पे लगा देते है। जब किडनी की कार्यक्षमता केवल 10 प्रतिशत रह जाती है तो उस अवस्था को किडनी फैल्योर कहते हैं और ऐसे में मरीजों के पास सिर्फ डायलिसिस या प्रत्यारोपण का ही रास्ता बच जाता है। मरीजों को अब किडनी प्रत्यारोपण के लिए अधिक परेशान होने की जरूरत नहीं है क्योंकि जेपी हॉस्पिटल में किडनी प्रत्यारोपण बहुत अत्याधुनिक पद्धति से किया जा रहा है। इस पद्धति द्वारा दाता (डोनर) की किडनी को दूरबीन द्वारा शरीर से हटाया जाता है, जिसका सबसे अधिक लाभ यह होता है कि दाता (डोनर) को बहुत ही कम तकलीफ होती है और उसे हॉस्पिटल से जल्द छुट्टी मिल जाती है। इसके साथ ही यहां डोनर विथ मल्टीपल वैसल्स (किडनी में अधिक नसों का होना), बच्चों की किडनी का प्रत्यारोपण, अनमैच्ड ब्लड ग्रुप के बीच प्रत्यारोपण (ए.बी.ओ. इंकंपैटिबल) एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता में असंतुलन वाले मरीजों की किडनी का भी सफल प्रत्यारोपण किया गया है।

स्थापित होने के कुछ ही वर्षों में जेपी हॉस्पिटल ने 1000 से अधिक किडनी का प्रत्यारोपण अपने आप में एक अनोखा रिकार्ड है। अत्याधुनिक तकनीक और कुशल डॉक्टर्स की टीम के कारण यह उपलब्धि हासिल हुई है। खास बात यह है कि टीम ने क्रांस मैच्ड पॉजीटिव प्रत्यारोपण, ष्ए.बी.ओ. इंकंपैटिबल ट्रांसप्लांटेशनष् के साथ-साथ एक रोगी का दूसरी या तीसरी बार भी सफल प्रत्यारोपण किया है। डॉ. अमित के. देवड़ा ने क्रोनिक किडनी फैल्योर के बारे में एक बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि, ष्वर्तमान का चिकित्सकीय शोध यह बताता है कि किडनी की बीमारी के मुख्य कारणों में मधुमेह, रक्तचाप, नेफ्रैटिस, बिना चिकत्सक के सलाह के पैन किलर एवं अन्य दवाइयों का सेवन करना। जब किडनी की बीमारी लाईलाज अवस्था में पहुंचे तो मरीज को प्रत्यारोपण करा लेना चाहिए क्योंकि इससे जीवन भर डायलिसिस कराने से मरीज को मुक्ति मिल जाती है। इसके साथ ही मरीज को इससे कई और लाभ भी मिलते हैं। आर्थिक रूप से मरीज को राहत मिलती है क्योंकि जितनी राशि एक साल में डायलिसिस कराने में मरीज खर्च करते हैं, करीब उतने पैसे में पूरा ट्रांसप्लांट हो जाता है। सैकड़ों रोगियों को एक नई जिंदगी प्रदान करने वाला यह एक महान कार्य है जिसके लिए किडनी विभाग के सभी चिकित्सक बधाई के पात्र हैं यहां के चिकित्सकों के विशाल अनुभव के कारण ही जेपी हॉस्पिटल को यह सफलता हासिल हो पाई। हॉस्पिटल की उच्चस्तरीय चिकित्सकीय सुविधाओं एवं तकनीकों के प्रति लोगों के अटूट विश्वास का ही परिणाम है पश्चिमी उत्तर प्रदेश से अधिकाँश किडनी से संभंधित समस्याओं के लिए जेपी हॉस्पिटल को ही चुनते है और हमें आशा है कि आने वाले समय में हम अन्य क्षेत्रों में ऐसी ही महान उपलब्धि हासिल करेंगे।

### जेपी हॉस्पिटल के बारे में

नोएडा स्थित जेपी हॉस्पिटल, जेपी ग्रुप का मुख्य हॉस्पिटल है। अस्पताल के निर्माण की योजना 1200 बैड्स से युक्त टर्शरी केयर सुपर स्पेशलटी के रूप में तैयार की गई और इसे 504 बैड् के साथ शुरू किया गया। जेपी हॉस्पिटल नोएडा के सेक्टर 128 में 72,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में फैला है। दिल्ली एवं नोएडा और उत्तर प्रदेश के आस. पास के जिलों से यहां आसानी से पहुंचा जा सकता है।

# बिजनौर लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी चंदन सिंह चौहान ने जनसंपर्क कर मांगा सहयोग

### एनडीए प्रत्याशी चंदन सिंह चौहान के जनसंपर्क में मेरठ जिला कमेटी ने ताकत झौंकी





युरेशिया संवाददाता

मेरठ। आगामी लोकसभा चुनावों का आगाज हो चुका है। सभी पार्टी प्रत्याशी अपनी अपनी जीत के आंकड़े लगाए बैठे हैं। इसी क्रम में बिजनौर लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी चंदन सिंह चौहान भी अपने लोकसभा क्षेत्र में अपने कर्मठ कार्यकर्ताओं के साथ तूफानी जनसंपर्क कर रहे हैं। हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में जनपद मेरठ के जिला अध्यक्ष मतलूब गौड़ व जिला उपाध्यक्ष कलवा कुरैशी ने ग्राम आसिलपुर, सठला, अगवानपुर, ललयाना, शौदत, अमरसिंहपुर इत्यादि ग्रामों में जनसंपर्क किया।और जिला उपाध्यक्ष कलवा कुरैशी ने एनडीए प्रत्याशी चंदन चौहान को आने वाली 19 तारीख को भारी मतों से जिताकर संसद में भेजने की अपील की। मेरठ जिला उपाध्यक्ष कलवा कुरैशी ने बताया कि अपार जनसमर्थन से मिल रहे भरपूर प्यार और आशीर्वाद को देखते हुए एनडीए प्रत्याशी चंदन चौहान काफी खुश हैं।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने तहसील सरधना व तहसील मवाना में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारीयों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये





युरेशिया संवाददाता

मेरठ।लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा रिजर्व में ईवीएमध्वीवीपैट मशीन रखे जाने हेतु तहसील सरधना व तहसील मवाना में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया व संबंधित अधिकारीयों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तदोपरांत जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय इंटर कालेज लावड मेरठ में पर्ची वितरण कार्य का भी अवलोकन किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को पर्ची वितरण का कार्य सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, एसडीएम सरधना पंकज प्रकाश राठौर, एसडीएम मवाना अंकित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आईआईएमटी एकेडमी में मतदान जागरूकता अभियान का आयोजन



### छात्राओं ने अपनी नृत्य प्रस्तुति द्वारा 'मतदान जरूरी है' का संदेश दिया

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। आईआईएमटी एकेडमी गंगानगर में 'व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी' कार्यक्रम के तहत मतदान जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नारायणी नीरा भाटिया ( आईएएस 2003 यू पी), (आईपीएस रैंक 2022 हरियाणा ), आईआईएमटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगेश मोहनजी गुप्ता, प्रति कुलाधिपति डॉ0 मयंक अग्रवाल, प्रबंध संचालिका प्रियांशु अग्रवाल तथा एकेडमी की प्रधानाचार्या सीमा जैन ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। प्रबंध संचालिका प्रियांशु अग्रवाल ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। मतदान जागरूकता पर एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने एक नुक्कड़ नाटक की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों की तालियां बटोरी तथा प्रति व्यक्ति वोट का महत्व समझाया। छात्राओं ने अपनी नृत्य प्रस्तुति द्वारा 'मतदान जरूरी है' का संदेश दिया। एकेडमी में मतदान जागरूकता से संबंधित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नारायणी नीरा भाटिया द्वारा सभी बच्चों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। एकेडमी की प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा जैन ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। मंच संचालन रिया और एंजेल ने किया। मानव, रिया, अंजली, अवनी, लकी, श्रेय, वंश, काव्या, तेजस, गरिमा, सोनिका, मोनिका, सृष्टि, खुशी, निष्ठा, प्रियांश आदि बच्चों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## शहीद मंगल पांडे स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन





युरेशिया संवाददाता

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर अंजू सिंह के दिशा निर्देशन में आईक्यूएसी के तत्वाधान में अंबेडकर जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर डॉ अनीता गोस्वामी ने डॉ भीम राव अंबेडकर के जीवन संघर्ष पर चर्चा की और भारतीय संविधान निर्माण ,सामाजिक जागरूकता एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। सर्वप्रथम प्राचार्य ने डॉ अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। और छात्राओं व उपस्थित लोगों को डॉ अम्बेडकर के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए कहा और कहा कि विषम परिस्थितियों में भी हम कड़े संघर्ष, लगन एवं परिश्रम से शिक्षा व ज्ञान की सर्वोत्तम ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकते हैं, और अपने राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम का संयोजन आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. लता कुमार ने किया। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## सड़क हादसे में मोपेड़ सवार की मौत, पुत्री गंभीर घायल घायल की पहचान माधवपुरम निवासी रविंद्र गुप्ता के रूप में हुई

युरेशिया संवाददाता

सरधना दौराला मार्ग पर कैंटर चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए मोपेड सवार पिता पुत्री को जोरदार टक्कर मारदी। जिससे मोपेड सवार पिता पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उठाकर अस्पताल पहुँचाया जहाँ चिकित्सकों ने

मोपेड चालक को मृतक घोषित कर दिया। केंटर चालक, केंटर व मोपेड को पुलिस ने अपने कब्जे में लिए है। उधर मोपेड चालक की मौत की खबर सुनते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक मेरठ के माधवपुरम के रहने वाले रविन्द्र गुप्ता ने अपनी बड़ी बेटी पारुल की शादी थाना सरधना क्षेत्र के गांव कुलंजन में दीपक गुप्ता पुत्र दयानन्द गुप्ता के साथ की थी। पारुल की सास प्रभा की मौत के बाद सोमवार को उसकी अरिष्टी थी, जिसमें रविन्द्र गुप्ता अपनी छोटी बेटी पुनीता के साथ मोपेड पर कुलंजन गांव में जा रहा था। जैसे ही वह सरधना दौराला मार्ग पर गांव अलीपुर के निकट पहुंचा उसी समय दोनों को प्यास लगी, सड़क के दूसरी तरफसरकारी नल था, उस तरफमोपेड घुमाई तो पीछे से तेज गति की आरहे कैंटर ने उन्हें उड़ा दिया। जिसमे रविंद्र गुप्ता व उनकी बेटी पुनीता गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा जहाँ चिकित्सकों ने रविंद्र गुप्ता को मृतक घोषित कर दिया है। पुलिस ने आरोपी कैंटर चालक व केंटर को हिरासत में ले लिया। रविंद्र गुप्ता की मौत से उनके परिजनों में मातम का माहौल है।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक विकास दीप त्यागी ने युरेशिया प्रिन्टिग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से छपवाकर 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादकः संजय त्यागी मो0 : 9412835535, 9410231400 फोनः 01214324497 Email- editorureshiya@gmail.com (किसी भी विवाद के लिए मेरठ न्यायालय मान्य)